26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : रविवार, 8 फरवरी, 2026

अंक- 106 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 12

## आरएसएस प्रमुख किसी जाति का नहीं, केवल हिंदू होगा- भागवत

**मुंबई (एजेंसी/चिंगारी)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने मुंबई में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान आरएसएस प्रमुख कौन बन सकता है, इस बात को लेकर बड़ा बयान दिया। भागवत ने स्पष्ट किया कि संघ का सरसंघचालक किसी जाति का नहीं होगा। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि ब्राह्मण, क्षत्रिय या अन्य जाति का होना जरूरी नहीं है, केवल एक शर्त है, जो बने वह हिंदू होना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि जाति के आधार पर पद का चयन नहीं किया जाता, केवल हिन्दू होने की शर्त जरूरी है। बता दें कि यह बात मोहन भागतव ने मुंबई में आयोजित आरएसएस के शताब्दी वर्ष के मौके पर आयोजित एक कार्यक्रम में बातचीत के दौरान कही।

## शराब कांड में नया मोड़ आया, साथी पर ज़हर देने का आरोप लगाया

### साथी के खिलाफ थाना व तहसील दिवस में दी तहरीर

नजीबाबाद (चिंगारी)। शराब पीने व नॉनवेज खाने के दौरान व्यापारी नौशाद की मौत व तीन युवकों के बीमार होने के मामले ने नया मोड़ लिया है। गंभीर रूप से बीमार हुए कामरान ने स्वस्थ होने के बाद साथी चंद्रप्रकाश पर जहर देने का आरोप लगाया है। एम्स ऋषिकेश से उपचार के बाद लौटे नगर के मोहल्ला संतोमलन निवासी कामरान खान ने व्यापारियों के साथ थाना पुलिस व संपूर्ण समाधान दिवस में जोगीरम्पुरी निवासी चंद्र प्रकाश के खिलाफ तहरीर सौंपी। कामरान का आरोप है कि चंद्रप्रकाश ने उससे 7.70 लाख रुपये उधार लिए थे और यह धनराशि दो फरवरी को लौटानी थी। कामरान का आरोप है कि 29 जनवरी को बियर पीने के बहाने चंद्रप्रकाश ने कामरान के गोदाम पर जीरे की बोतल में लाए गये जहर को उसे व उसके साथियों नौशाद व अफसार को पिला दिया, जिससे नौशाद की मौत हो गई। शराब पीने व नॉनवेज खाने से एक युवक की मौत हो गई थी जबकि तीन युवकों की हालत खराब हो गई थी। कामरान ने स्वयं के एम्स ऋषिकेश व अफसार के जॉलीग्रांट में जाकर जान बचाने की बात कही। कामरान ने पुलिस से चंद्र प्रकाश पर स्वयं के बीमार होने का नाटक करने की बात कहते हुए उसके खिलाफ हत्या व हत्या का षड्यंत्र रचने का मामला दर्ज कर कार्रवाई की मांग की। उधर, जलालाबाद निवासी नौशाद के परिजनों की ओर से पहले ही पुलिस को हत्या की आशंका जताते हुए जांच और कार्रवाई के संबंध में तहरीर दी गई है। कारोबारी कामरान के साथ थाने पहुंचे कारोबारियों में शाहिद सिद्दीकी, मो. इरशाद, मो. जाकिर, दीपक जैन, सुशील शर्मा, मोनू राजपूत, अहसान मंसूरी, नाजिम हुसैन, अतीक अहमद, आसिफ शामिल रहे।

### सिंधु समझौता सस्पेंड होते ही एक्शन में मोदी सरकार

## चिनाब नदी पर सावलकोट हाइड्रो प्रोजेक्ट को मिली हरी झंडी



**नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** पाकिस्तान के साथ सिंधु जल संधि को सस्पेंड करने के बाद मोदी सरकार ने चिनाब नदी पर बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर और ऊर्जा प्रोजेक्ट की दिशा में अहम कदम उठाया है। सरकारी कंपनी एनएचपीसी ने जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले में सावलकोट हाइड्रो इलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट के निर्माण के लिए टेंडर जारी कर दिया है। एनएचपीसी ने चिनाब नदी पर बनने वाले इस सावलकोट हाइड्रो प्रोजेक्ट के लिए 5129 करोड़ रुपये की लागत से जुड़ा टेंडर खोला है। यह पूरा प्रोजेक्ट एक ही पैकेज के तहत तैयार किया जाएगा। टेंडर दस्तावेज के मुताबिक, इस पैकेज में डाइवर्जेंट टनल का निर्माण, एडिट, डीटी और कोफर डैम का निर्माण शामिल है। इसके अलावा मांडिया नाला डीटी, इससे जुड़े सड़क निर्माण कार्य, राइट बैंक स्पाइरल टनल, एक्सेस टनल और डैम से जुड़े सभी सहायक कार्य भी इसी पैकेज का हिस्सा होंगे। यह प्रोजेक्ट चिनाब नदी पर बिजली उत्पादन के लिहाज से बेहद अहम माना जा रहा है। एनएचपीसी के टेंडर के अनुसार, इस परियोजना के लिए बोली 12 मार्च से शुरू होगी और 20 मार्च तक चलेगी। बोली की वैधता अवधि 180 दिन रखी गई है। वहीं, निर्माण कार्य को पूरा करने की समयसीमा 3285 दिन तय की गई है। सावलकोट हाइड्रो इलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट से कुल 1856 मेगावाट बिजली उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है। माना जा रहा है कि यह प्रोजेक्ट जम्मू-कश्मीर की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के साथ-साथ देश की पावर ग्रिड को भी मजबूत करेगा। सिंधु जल संधि को लेकर पाकिस्तान के साथ बढ़ते तनाव के बीच इस प्रोजेक्ट को भारत की रणनीतिक और आर्थिक मजबूती के तौर पर देखा जा रहा है। चिनाब नदी पर यह परियोजना भारत के जल संसाधनों के बेहतर इस्तेमाल की दिशा में बड़ा कदम मानी जा रही है।

## तुरन्त आवश्यकता

इंडस्ट्रियल एरिया, बिजनौर स्थित फैक्ट्री के लिये

- अलमीरा कारीगर- 10
- पार्टिकल बोर्ड के लिये कारपेंटर-4
- सुपरवाइजर मशीन चलाने हेतु- 2

सम्पर्क करें- मो. 7017517607, 9389076177

## देवर ने गाड़ी स्टार्ट की तो भाभी चपेट में आ गई, मौत

धामपुर (चिंगारी)। नगर के मोहल्ला मंडी मारकमगंज स्थित मंदिर चंपा देवी के पास रहने वाली एक महिला की आज प्रातः कार की चपेट में आने से मौत हो गई, जिससे परिवार में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार दीपक सैनी की पत्नी श्रीमती सोनी सैनी आज प्रातः अपने घर के बाहर झाड़ू लगा रही थी। परिजनों ने बताया कि मेन गेट पर एक कार खड़ी हुई थी जिसको हटवाने के लिए उन्होंने अपने देवर से कहा और वह झाड़ू लगाने लगी। देवर ने जब गाड़ी हटाने के लिए उसे स्टार्ट कर गियर डाला तो वह बैक हो गई और उससे ब्रेक नहीं लग पाए जिससे सोनी कार की चपेट में आ गई। परिजन उसे डॉक्टर के पास ले गए, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। 25 वर्षीय सोनी के एक पुत्र 5 वर्षीय कान्हा व 1 वर्षीय पुत्री वृंदा है। आज पानप दास जी के समाधि स्थल पर वृन्दा का मुंडन संस्कार होना था, परंतु अचानक हुई इस घटना से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। दीपक सैनी जैतरा रेलवे फाटक के पास ठेला लगाकर अपने परिवार की गुजर बसर करता है।

## ट्रेन की चपेट में आकर दोनों पैर कटे

नांगल सोती (चिंगारी)। ग्राम पूंडरी खुर्द का निवासी भीमसैन उर्फ भीम ( 36 वर्ष ) पुत्र जगदीश शराब पीने का आदी है, जिस कारण उसका परिजनों से विवाद होता रहता है। कल भी वह घर से लड़कर रेलवे ट्रैक पर पहुंच गया। कल शाम लगभग 6 बजे वह पूंडरी रेलवे क्रॉसिंग और नहर की पुलिया के बीच रेलवे ट्रैक के किनारे बैठा था कि ट्रेन आ गई। शराब के नशे में ट्रेन की चपेट में आकर उसके दोनों पैर कट गये तथा एक हाथ भी कट गया। रेलवे ट्रैक पर उसके कटे हुए अंग बिखरे पड़े थे। गंभीर हालत में उसे एम्स, ऋषिकेश में भर्ती कराया गया है। हलका दरोगा गौरव सिरोही ने बताया कि व्यक्ति शराब के नशे में खुद ही ट्रेन के नीचे आया है।

जिले का पहला एवं एकमात्र

Sports Injury & Joint Replacement Centre

**भगवती ऑर्थोपेडिक एण्ड स्पोर्ट्स इंजरी हॉस्पिटल**

**डॉ. मनु अग्रवाल**

M.B.B.S., M.S. FITS, (Banglore)
FiAS, FIJR (JAIPUR)

-सुविधाएं-

1. घुटने की गद्दी ( MENISCUS ) फटना
2. लिगामेंट का टूटना ( ACL/PCL )
3. पुरानी चोट या आप्रेशन की वजह से घुटना ना मुंढना
4. कंधे का बार-बार उतरना ( SHOULDER DISLOCATION ) 5. कंधे की नस का दबना या फट जाना ( Rotator Cuff Tear) 6. कुल्हे का बदलना ( DAA ) /घुटने का बदलना ( विदेशी Implant के साथ )
7. टूटी हड्डियों का Operation ( Titanium Implant से किया जाता है।



निम्न बीमारियों का आप्रेशन आयुष्मान योजना के अन्तर्गत भी होता है।

रविवार अवकाश

समय प्रातः 10 बजे से 3 बजे तक सायं 6 बजे से 7 बजे तक

पता- निकट रेलवे स्टेशन चौराहा, किरतपुर रोड, बिजनौर
मो. 9829211842, 8218989411

# भीषण सड़क हादसे में चाचा-भतीजे की मौत

**हल्दौर ( चिंगारी )।** बिजनौर-नहटौर मार्ग पर ग्राम बिलाई के पास हुई भीषण सड़क दुर्घटना में बाइक सवार चाचा भतीजे की मौत हो गई, जिससे उनके परिवार में कोहराम मच गया। शनिवार की शाम करीब 5 बजे नहटौर थाना क्षेत्र के ग्राम गांव खजूरा जट निवासी सतवीर सिंह ( 50 वर्ष ) व उनका भतीजा भानुप्रताप ( 32 वर्ष ) बाइक द्वारा बिजनौर से अपने गांव खजूरा जट लौट रहे थे। जैसे ही वह गांव बिलाई के अड्डे के पास पहुंचे तभी नहटौर की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार स्विफ्ट कार ने उनकी बाइक में सामने से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि मोटरसाइकिल बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई तथा दोनों व्यक्ति सड़क पर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से दोनों घायलों को उपचार के लिए बिजनौर भेजा, जहां इलाज के दौरान दोनों ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने कार को कब्जे में लेकर शवों का पोस्टमार्टम हेतु कार्यवाही की। थाना प्रभारी निरीक्षक किशन अवतार ने बताया कि घटना का मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# 10 माह से काम कर रहीं कार्यकत्रियों को अभी तक नहीं मिला मानदेय

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग की बाल विकास परियोजना अफजलगढ़ में 10 माह पूर्व नियुक्त की गई 30 से अधिक आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को लगातार काम करने के बावजूद अभी तक भी मानदेय नहीं मिला है, जिससे कार्यकत्रियां मायूस हैं। मार्च 2025 में बाल विकास परियोजना अफजलगढ़ में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के खाली पदों पर लगभग तीन दर्जन कार्यकत्रियों की नियुक्ति हुई थी, तभी से कार्यकत्रियां लगातार काम करती आ रही हैं। कार्यकत्रियों का कहना है कि वे विभागीय कार्यों के अतिरिक्त अन्य तमाम जिम्मेदारियों को भी भली-भांति निभाती आ रही हैं, मगर इतने पर भी 10 माह बीत जाने के बावजूद उन्हें मानदेय के रूप में फूटी कौड़ी भी नहीं मिला है। मायूस कार्यकत्रियों का कहना है कि वह कई बार क्षेत्र एवं जिला स्तर पर संबंधित अधिकारियों से इंचार्ज सीडीपीओ अफजलगढ़ सहित जिला कार्यक्रम अधिकारी बिजनौर विमल चौबे ने जिला सहकारी बैंक अफजलगढ़ द्वारा आईएफएससी कोड के अंकन में की गई त्रुटि को मानदेय न मिलने का कारण बताते हुए शीघ्र समाधान का भरोसा दिलाया था, जिसका अभी तक भी समाधान न हो पाने से कार्यकत्रियों के सामने आर्थिक संकट बना हुआ है। उधर इस संबंध में नवनियुक्त इंचार्ज सीडीपीओ श्रीमती अनीता चौहान का कहना है कि वह शीघ्र ही इस सम्बंध में उच्चाधिकारियों से बात कर समस्या का समाधान कराने का प्रयास करेंगी।

# पूर्ण गुणवत्ता के आधार पर करें शिकायतों का निस्तारण- एडीएम अंशिका दीक्षित

**नगीना ( चिंगारी )।** अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) अंशिका दीक्षित ने कहा कि तहसील दिवस में आने वाली सभी शिकायतों का निस्तारण गुणवत्ता के आधार पर समय सीमा के भीतर हो जाना चाहिए। शनिवार को तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण तहसील समाधान दिवस में कुल 30 शिकायत दर्ज की गई, जिनमें से पांच शिकायतों का मौके पर निस्तारण हो गया। एडीएम प्रशासन अंशिका दीक्षित ने कहा कि शिकायत के निस्तारण के समय शिकायतकर्ता को भी संतुष्ट किया जाना अनिवार्य है। उन्होंने सभी अधिकारियों से तहसील दिवस में आने वाली शिकायतों को गंभीरता से लेने के निर्देश दिये। इस मौके पर एसडीएम विजय शंकर, पुलिस क्षेत्राधिकारी डॉक्टर अंजनी कुमार चतुर्वेदी, नगर पालिका के मुनीर अहमद सहित सभी विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



तहसील दिवस में लोगों को समस्याएं सुनतीं अपर जिलाधिकारी प्रशासन अंशिका दीक्षित।



खुल गया! खुल गया!
श्री लाइट

सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।

पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर
बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट
Fybros Fans,
Havells Fans
Orient Fans


सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर
मो. 9897024836, 8800092476




# आत्महत्या के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**नगीना ( चिंगारी )।** तीन दिन पूर्व प्रेम प्रसंग के चलते कक्षा नौ की नाबालिग छात्रा द्वारा की गई आत्महत्या के मामले में पुलिस ने आरोपी सुरेंद्र को गिरफ्तार कर लिया। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक किशोरी ने तीन दिन पूर्व प्रेम प्रसंग के चलते जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली थी। इस मामले में पुलिस ने मृतका के पिता की तहरीर पर ग्राम तेलीपुरा निवासी आरोपी सुरेंद्र को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है।

# नेत्र जांच शिविर 25 फरवरी को

**बिजनौर ( चिंगारी )।** रघुनाथ प्रसाद, विरेंद्र कुमार अग्रवाल सर्राफ द्वारा प्रत्येक माह लगाए जाने वाले नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर की श्रंखला में इस बार उक्त शिविर का आयोजन 25 फरवरी को बुधवार को अग्रवाल भवन प्रथम तल भारतीय स्टेट बैंक नूरपुर रोड, बिजनौर पर किया जायेगा। यह शिविर पूर्व की भांति निर्मल आश्रम आई इंस्टीट्यूट ऋषिकेश उत्तरांचल की कुशल चिकित्सकों की टीम द्वारा लगाया जा रहा है। उन्होंने मरीजों से निवेदन किया है कि जिन मरीजों को मोतियाबिंद का ऑपरेशन कराना है, वह अपना आधार कार्ड साथ में अवश्य लाएं। नेत्र शिविर प्रात: 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक चलेगा तथा पूर्णतया नि:शुल्क होगा।


ATHER अब आपके शहर बिजनौर में ATHER
इंडिया का नं. 1 फैमिली स्कूटर (RIZTA)
आकर्षक छूट व कम ब्याज दर पर उपलब्ध है।
आज ही अपना स्कूटर RIZTA घर ले जायें।
फाइनेंस सुविधा उपलब्ध
*कम से कम बिना डाउन पेमेंट पर
*बिना कागजात
*मात्र 15 मिनट में फाइनेंस उपलब्ध है।
*कम कागजी कार्रवाई
आर्मी मैन व पुलिसकर्मियों के लिये 5,000/- रुपये की आकर्षक छूट
अब एथर इलैक्ट्रिक स्कूटर की सर्विस सेंटर आपके ध्रुविका मोटर्स पर उपलब्ध है।

एथर इलैक्ट्रिक असली इलैक्ट्रिक
एथर इलैक्ट्रिक स्कूटर शोरूम के लिये आवश्यकता है।
सेल्स एग्जीक्यूटिव
Male & Female
मैकेनिक Male
Experiance Minimum 1 Years
( समय - 11:00 बजे से 1:00 बजे तक )
Dhruvika Motors
Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 9240083911

# दलितों में सेंध लगाये बिना भाजपा की हैट्रिक मुश्किल!

## मुरादाबाद मण्डल में होगा घमासान, भाजपा की राह नहीं आसान

Sunday विशेष

**बिजनौर ( चिंगारी )। उत्तर प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव 2027 के लिए राजनीतिक दलों ने जोड़-तोड़ के जरिए अपनी रणनीति बनाना शुरू कर दिया है।**

मुरादाबाद मंडल में इस समय लोकसभा और विधानसभा में समाजवादी पार्टी का वर्चस्व है। सपा अभी भी पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक (पीडीए) मतदाताओं को अपने पाले में लाने का प्रयास कर रही है, तो वहीं आजाद समाज पार्टी दलित मतदाताओं के साथ सपा व कांग्रेस के मुस्लिम नेताओं को अपने पाले में खींचकर अपनी स्थिति को मजबूत करने में लगी हुई है। अगर बात सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी की करें तो लोकसभा चुनाव में मुरादाबाद मंडल में सपा से बुरी तरह पिछड़ने वाली भाजपा दलित मतदाताओं को अपने पाले में लाने के लिए कोई कार्य करती हुई नज़र नहीं आ रही है।



मुरादाबाद मंडल में लोकसभा की 6 सीटें हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव में मुरादाबाद, रामपुर और संभल सीटों पर सपा प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की थी। नगीना रिजर्व सीट पर आजाद समाज पार्टी के चंद्रशेखर आजाद ने जीत दर्ज की थी। बिजनौर सीट पर लोकदल के चंदन चौहान विजयी हुए थे, जबकि अमरोहा लोकसभा सीट पर इंडिया गठबंधन और बसपा प्रत्याशियों की लड़ाई में भाजपा के कंवर सिंह तंवर मात्र 28670 मतों से ही चुनाव जीत सके थे। वरना मंडल में भाजपा का खाता भी न खुलता।

इसी प्रकार मुरादाबाद मंडल में 2022 में हुए विधानसभा चुनाव में भी मंडल की कुल 27 विधानसभा सीटों में से सपा ने सर्वाधिक 16 सीटों पर जीत दर्ज की थी, जबकि सत्तारूढ़ भाजपा को मात्र 11 सीटों पर ही संतोष करना पड़ा था।

बात अगर 2027 के चुनावों की तैयारी की करें तो समाजवादी पार्टी पीडीए के साथ लगातार तैयारी में दिख रही है। लोकसभा चुनाव 2024 में दलित मतदाताओं ने पहली बार सपा प्रत्याशियों को वोट किया था, जिसके चलते सपा, मुरादाबाद लोकसभा जो भाजपा का गढ़ मानी जाती है, उसे जीतने में सफल हो सकी थी। लोकसभा चुनाव में सपा को मिले दलित मतदाताओं के आंकड़ों को देखकर ही सपा दलित मतदाताओं में अपनी स्थिति को और मजबूत करने के प्रयास में लगी हुई है। अगर विधानसभा चुनाव 2027 में भी पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक (पीडीए ) मतदाता सपा से जुड़ जाता है तो यह भाजपा की हैट्रिक में बहुत बड़ी मुश्किल बन जाएगा।

सपा के अलावा आजाद समाज पार्टी के मुखिया और नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद भी लोकसभा में नगीना सीट जीतकर बता चुके हैं कि दलित मतदाताओं में वह लगातार अपनी पकड़ मजबूत करते जा रहे हैं। मुरादाबाद मंडल में दलित मतदाताओं में जाटव मतदाताओं की संख्या सर्वाधिक है, जो परम्परागत रूप से बसपा से जुड़े रहे हैं, लेकिन आसपा के चंद्रशेखर आजाद ने बहन जी का वोट बैंक विशेषकर बिजनौर जनपद में पिछले लोकसभा चुनाव से काफी हद तक झटक लिया था। भाजपा अभी भी अपने परम्परागत वोट बैंक सवर्ण हिंदुओं के अलावा पिछड़े वर्गों पर आस टिकाये हुये है, जबकि सपा ने पिछले लोकसभा चुनाव में पीडीए समीकरण बनाकर पिछड़ों व अति पिछड़ों को काफी हद तक अपने साथ जोड़ लिया था। विश्लेषकों का मानना है कि भाजपा को अगर उत्तर प्रदेश में सत्ता की हैट्रिक बनानी है, तो दलित मतदाताओं को जोड़ना होगा और यह काम दलित जाति के जनप्रतिनिधियों व नेताओं को आगे करके ही किया जा सकता है। मुरादाबाद मण्डल में भाजपा के किसी भी दलित (जाटव) चेहरे को न तो आज तक मंत्रिमण्डल में जगह दी है और न ही संगठन में महत्वपूर्ण पद से नवाजा है।

आसपा प्रमुख चंद्रशेखर आजाद लगातार सपा, कांग्रेस व बसपा के प्रभावशाली मुस्लिम नेताओं को तोड़कर अपने साथ ला रहे हैं। अगर दलित और मुस्लिम मतदाता आसपा के साथ आए तब भी भाजपा के लिए 2027 का चुनाव बड़ी चुनौती बन जाएगा। वहीं अगर मुरादाबाद मंडल में भारतीय जनता पार्टी की 2027 के चुनावों की रणनीति करें तो अभी तक अपने परंपरागत वोट के अलावा दलित मतदाताओं को अपने साथ लाने के लिए भाजपा ने कोई प्रयास शुरू ही नहीं किया है। अलबत्ता बिजनौर विधानसभा में ऐश्वर्य मौसम चौधरी जरूर दलित मतदाताओं में सेंध लगाने का भरसक प्रयास कर रहे हैं। विश्लेषकों का कहना है कि अगर पीडीए सपा के साथ या फिर दलित और मुस्लिम आसपा के साथ चला गया, भाजपा के लिए 2027 का चुनाव बहुत कठिन हो जाएगा।

## पिता-पुत्रों ने दो युवकों पर किया जानलेवा हमला

**बिजनौर/नगीना ( चिंगारी )।** दो युवकों पर लाठी-डंडों के साथ हमला करने के आरोप में पुलिस ने एक पिता व उसके दो पुत्रों को नामजद करते हुए अज्ञात लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। ग्राम धीमारेड़ी निवासी कमलेश ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि उसके पुत्र दयानंद व धर्मराज रोजाना नगीना दुकान में काम करने के लिए आते हैं। आरोप लगाया गया कि शुक्रवार की शाम जब उसके पुत्र नगर पालिका के सामने खड़े थे, तभी वाल्मीकि बस्ती मोहल्ला लुहारी सराय निवासी अरविंद व उसके दोनों पुत्र अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर उसके दोनों पुत्रों के साथ गाली गलौज करते हुए लाठी-डंडों से मारपीट करने लगे। आरोप लगाया गया कि इस मामले में उसके दोनों पुत्रों के शरीर पर काफी गंभीर चोट आई है। तहरीर में आरोपियों पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप भी लगाया गया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया है।

Hero
हीरो लाया है साल की शुरुआत में शानदार ऑफर
Hero

MEVRICK 440 पर पायें
50,000 रुपये का कैश डिस्काउंट
XTREME 160 पर पायें
10,000 रुपये का कैश डिस्काउंट

फाइनेंस सुविधा भी उपलब्ध है!
आकर्षक उपहार
कविता मोटर्स
हीरो मोटर्स कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, बिजनौर
मोबाइल 9457937407

# चीन से मुकाबले के लिए भारत में अधिक सिनेमा हॉल जरूरी- आमिर खान

भारत विश्व में फिल्मों का सबसे बड़ा निर्माता होने के बावजूद सिनेमा स्क्रीन की संख्या के मामले में चीन और अमेरिका से काफी पीछे है। अभिनेता आमिर खान ने देश में अधिक सिनेमा हॉल स्थापित करने की आवश्यकता पर जोर दिया है। आमिर खान ने दिये एक विशेष साक्षात्कार में कहा कि भारत एक विशाल देश है, जहां हर राज्य की अपनी भाषा, संस्कृति और फिल्म उद्योग है।



ऐसे में देशभर में फिल्मों की पहुंच बढ़ाने के लिए अधिक सिनेमा हॉल और प्रदर्शन केंद्रों की आवश्यकता है। उन्होंने कहा, अगर हमें चीन जैसे देशों से प्रतिस्पर्धा करनी है तो हमें अपने स्क्रीन की संख्या बढ़ानी होगी। चीन के पास लगभग एक लाख स्क्रीन हैं, जबकि भारत में केवल करीब 9,000 स्क्रीन हैं। हम उनके मुकाबले आउटलेट के मामले में दसवां हिस्सा भी नहीं हैं। आमिर ने बताया कि चीन में बड़ी फिल्में केवल घरेलू बाजार से ही अरबों डॉलर का कारोबार करती हैं। चीन में एक बड़ी फिल्म सिर्फ वहां के बाजार से ही दो अरब अमेरिकी डॉलर तक का व्यवसाय कर लेती है।

जब तक हम अपनी स्क्रीन संख्या नहीं बढ़ाएंगे, तब तक कारोबार में जमीनी स्तर पर विस्तार नहीं होगा।

## हरमन बावेजा और आरती कड़व अगली फिल्म के लिये आये साथ

बावेजा स्टूडियोज़ के निर्माता हरमन बावेजा और निर्देशक आरती कड़व आगामी फिल्म के लिये फिर से साथ आ रहे हैं। बावेजा स्टूडियोज़ के निर्माता हरमन बावेजा और निर्देशक आरती कड़व, जिन्होंने हाल के वर्षों की सबसे सामाजिक रूप से प्रासंगिक फिल्मों में से एक दी, अब एक नये प्रोजेक्ट के लिए फिर से हाथ मिला रहे हैं। फिल्म 'मिसेज' की पहली सालगिरह के मौके पर हरमन और आरती दोनों ने इंस्टाग्राम के जरिए इस री–यूनियन की जानकारी दी।



## फिल्म रंग दे बसंती के प्रदर्शन के 20 साल पूरे होने पर मेकर्स ने रखी स्पेशल स्क्रीनिंग

फिल्म रंग दे बसंती के प्रदर्शन के 20 साल पूरे होने पर मेकर्स ने इस फिल्म की स्पेशल स्क्रीनिंग रखी। राकेश ओमप्रकाश मेहरा द्वारा निर्देशित रंग दे बसंती के प्रदर्शन के 20 साल पूरे हो गये हैं। यह फिल्म भारतीय सिनेमा की सबसे प्रभावशाली फिल्मों में गिनी जाती है। आमिर खान, आर. माधवन, सिद्धार्थ सूर्यनारायण, सोहा अली खान, शर्मन जोशी, कुणाल कपूर, अनुपम खेर और अतुल कुलकर्णी जैसे दमदार कलाकारों से सजी यह फिल्म आज भी एक नेशनवाइड फेनोमेनन बनी हुई है, जो अपनी ताकतवर कहानी और बेबाक आवाज़ के जरिए लगातार बातचीत छेड़ती है और दर्शकों से गहराई से जुड़ती है।




## माधुरी दीक्षित ने फिल्म देवदास में संजय भंसाली संग काम करने के अनुभव पर बात की

बॉलीवुड स्टार माधुरी दीक्षित ने संजय लीला भंसाली की सुपर हिट फिल्म देवदास में उनके साथ काम करने के अपने अनुभव को याद किया है। यह फिल्म आज भी हिंदी सिनेमा की सबसे विजुअली रिच और भव्य क्लासिक्स में गिनी जाती है। अपनी ग्रैंड सिनेमैटिक विज़न के लिए अक्सर गुरुदत्त और राज कपूर जैसे दिग्गज फिल्ममेकर्स से तुलना किए जाने वाले भंसाली के बारे में माधुरी का कहना है कि उन्होंने सिर्फ पर्दे पर ही नहीं, बल्कि फिल्ममेकिंग की पूरी प्रक्रिया में भी कविता घोल दी थी।

## 'दो दीवाने सहर में' के साथ सिद्धांत चतुर्वेदी बने भंसाली के आइकॉनिक हीरो

बॉलीवुड अभिनेता सिद्धांत चतुर्वेदी, संजय लीला भंसाली की फिल्म 'दो दीवाने सहर में' का सिर्फ हिस्सा नहीं बने हैं, बल्कि इस फिल्म के ज़रिए उन्होंने अपने दमदार अभिनय, भावनात्मक समझ और मज़बूत स्क्रीन प्रेज़ेंस के साथ अपने करियर को एक अहम और नया मोड़ दिया है। संजय लीला भंसाली ने अपने करियर में सिर्फ़ फिल्में नहीं बनाई हैं, बल्कि सिनेमा की एक अलग ही दुनिया रची है। उनकी फिल्मों में एक खास तरह की भव्यता और भावनात्मक गहराई होती है।






## रणदीप हुड्डा ने पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता का दिया संदेश

बॉलीवुड अभिनेता रणदीप हुड्डा ने पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता का संदेश दिया है। रणदीप हुड्डा ने हाल ही में सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा किया है, जिसमें वह नदी के किनारे पड़े प्लास्टिक और कचरे को साफ करते नज़र आ रहे हैं। यह काम रणदीप के लिए कोई एक बार की पहल नहीं है, बल्कि उनकी सोच और जीवनशैली का ही हिस्सा है। वह लंबे समय से प्रकृति से गहराई से जुड़े रहे हैं और वन्यजीव संरक्षण एवं पर्यावरण से जुड़े मुद्दों पर अपनी आवाज़ और समय देते आए हैं। उन्हें प्राकृतिक वातावरण से खास लगाव है और आउटडोर लाइफ के प्रति उनका प्यार हमेशा से उनकी निजी ज़िंदगी का हिस्सा रहा है। इसके अलावा, रणदीप का वर्सोवा बीच क्लीनअप अभियान के तहत अफ़रोज़ शाह के साथ भी पुराना जुड़ाव रहा है, जहां उन्होंने नागरिकों द्वारा चलाए गए इस आंदोलन में हिस्सा लिया।

# हिंदू सम्मेलन में सनातन संस्कृति को अपनाने का आह्वान

## हिन्दुत्व को मानव धर्म बताया

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )**। हिंदू सम्मेलन में सनातन संस्कृति की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए सामाजिक समरसता, हिन्दुत्व की मजबूती व सनातन संस्कृति के संरक्षण पर जोर दिया गया। स्थानीय एचसीएम इंटर कॉलेज के मैदान में शनिवार को स्वामी जगन्नाथ आश्रम ऋषिकेश के महंत लोकेश दास की अध्यक्षता, आरएसएस के प.उ.प्र. क्षेत्र प्रमुख पदम जी के मुख्य अतिथ्य व मनोज चौहान के संचालन में आयोजित सम्मेलन में आरएसएस विभाग कार्यवाह बिजनौर मुकेश जी मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने हिंदू समाज के लोगों का आह्वान किया कि वह जात-पात भुलाकर एकजुट रहें और भारतीय हिंदू संस्कारों व संस्कृति को आगे बढ़ाकर राष्ट्र निर्माण की भूमिका में अपना योगदान दें।



आरएसएस की 100 वर्षों की उपलब्धियां गिनाते हुए वक्ताओं ने कहा कि आरएसएस किसी पार्टी विशेष से नहीं है, बल्कि हिंदू हितों की रक्षा के लिए बना है और अपने उद्देश्यों पर काम कर रहा है। सम्मेलन में क्षेत्रीय भाजपा विधायक कुंवर सुशांत सिंह, ब्लॉक प्रमुख प्रदीप कुमार तथा सतेन्द्र कुमार, राजेंद्र सिंह, गौरव कुमार, बृजेश सिंह, कपिल चौहान, मेघनाथ सिंह, डॉ. वीके सिंह, डॉ. तेजपाल सिंह, संजीव गहलौत, ठाकुर रामवीर सिंह, संदीप चौहान, सुंदर चौहान, मोंटी गहलोत, लवली गहलोत, सौरभ कुमार, आदित्य चौहान, मोहित चौहान, खुशदीप सिंह, उदित राजपूत, महिपाल सिंह, कुलदीप सिंह, मुकेश चौहान, कोमल चौहान सहित अनेक महिलाएं, पुरुष व युवा उपस्थित रहे।

## हिंदू संस्कृति प्रकृति की पूजक- अशोक कुमार

**चांदपुर ( चिंगारी )**। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वावधान में विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन ग्राम रौनिया में किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य हिंदू समाज की एकता, सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण और पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता, विभाग पर्यावरण संयोजक अशोक कुमार ने अपने संबोधन में पर्यावरण और संस्कृति के अटूट संबंध पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हिंदू संस्कृति प्रकृति की पूजक रही है। आज के समय में पर्यावरण का संरक्षण केवल एक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हमारा धर्म है। यदि हम अपनी आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित भविष्य देना चाहते हैं, तो हमें जल, जंगल और जमीन के संरक्षण का संकल्प लेना होगा।




वहीं जिला संघचालक देवेंद्र जी द्वारा सामाजिक समरसता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि राष्ट्र की मजबूती के लिए समाज का संगठित और जागरूक होना अनिवार्य है। उन्होंने संघ के 100 वर्ष की यात्रा पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता तेजपाल जी एवं लोमेश शर्मा द्वारा संयुक्त रूप से की गई। कार्यक्रम में विकास जी नगर खंड प्रचारक, गौरव जी खंड कार्यवाह, हर्ष जी खंड शारीरिक शिक्षण प्रमुख, केशव जी खंड बौद्धिक प्रमुख, मदन जी, प्रभात यादव आदि की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में शोभित शर्मा, राजेश शर्मा और रविन्द्र त्यागी, अमित त्यागी का विषेश योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन एड. सुधीर कुमार ने किया। कार्यक्रम के संयोजक विकास शर्मा थे।

## नया एम्स बिजनौर में स्थापित करने की मांग अथर रईस ने प्रधानमंत्री को लिखा पत्र

**बिजनौर ( चिंगारी )**। केन्द्रीय बजट 2025-26 में पश्चिमी उत्तर प्रदेश में एक नये एम्स (अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान) को स्वीकृति प्रदान की गई है। नगर के मौहल्ला काजीपाड़ा निवासी सामाजिक कार्यकर्ता अथर रईस ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर उक्त एम्स बिजनौर में स्थापित करने की मांग करते हुए कहा इससे पश्चिमी उत्तर प्रदेश के साथ-साथ पड़ौसी राज्य उत्तराखंड की जनता को भी लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि बिजनौर जनपद उत्तराखंड का प्रवेश द्वार है। यहां एम्स की स्थापना होने से बिजनौर के साथ-साथ विशेष रूप से कोटद्वार, पौड़ी, हरिद्वार, ऊधमसिंह नगर की जनता को उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधाएं सुलभ हो सकेंगी। वर्तमान में इन क्षेत्रों के नागरिकों को गंभीर बीमारियों के उपचार हेतु दूर-दराज के बड़े शहरों में जाना पड़ता है, जिससे समय, धन एवं संसाधनों की भारी हानि होती है। साथ ही गंभीर रूप से बीमार व घायल लोगों को रास्ते में ही जान से हाथ धोना पड़ जाता है। अथर रईस ने कहा कि बिजनौर जनपद में एम्स की स्थापना होने से न केवल स्वास्थ्य सेवाओं में गुणात्मक सुधार होगा, बल्कि क्षेत्र के सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक विकास को भी नई दिशा मिलेगी।

## गोल्डन बैल्स स्कूल में जूनियर्स ने सीनियर्स को दी विदाई

**स्योहारा ( चिंगारी )** गोल्डन बैल्स इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सीनियर्स छात्रों के लिए जूनियर्स द्वारा फेयरवैल पार्टी का आयोजन किया गया। पार्टी का आयोजन एम्बियंस रिसोर्ट में किया गया। सर्वप्रथम 11 वीं के जूनियर्स ने अपने सीनियर्स का पुष्प वर्षा करके और आतिशबाजी करके स्वागत किया। इसके बाद याद आएंगे वो पल की थीम पर कई रंगारंग कार्यक्रम पेश किये। सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर किया गया। 11 वीं के छात्र-छात्राओं द्वारा स्वागत गीत, नृत्य, कक्षा की मस्तियां आदि अनेक मनमोहक कार्यक्रम पेश किए गये। 12 वीं के विद्यार्थी अपने अनुभव, शैक्षणिक उपलब्धि, स्कूल प्रबंधन एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ व्यतीत यादगार पल को साझा करते हुये भावुक हो उठे। 12 वीं के छात्रों को अनेक टाइटिल से भी नवाजा गया। 12वीं के छात्र-छात्रों द्वारा स्कूल को स्मृति चिह्न स्वरुप उपहार दिया गया। फातिमा को मिस फेयरवैल एवं इशांत यादव को मिस्टर फेयरवैल चुना गया। स्कूल निर्देशक सरदार गुरविंदर सिंह और निर्देशिका तवलीन कौर ने सभी छात्र-छात्राओं को बोर्ड परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने के लिए शुभकामनायें दीं। प्रधानाचार्य शेखर सिंह ने कहा कि सभी अपने सपनों को पूरा करने के लिए मेहनत करें और आगे बढ़ें। इस अवसर पर निर्देशक महोदय के माता-पिता, शिवम ठाकुर, सीमा, अनुज, गौरव, पूनम, पवन, दिशा, सत्यम, दिवाकर, इंद्रपाल, मुकुल, अजीम, राहुल, विनीत, आरिफ तथा समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे।



## शमशाद रशीद करेंगे इन बूथों पर निगरानी



**बिजनौर ( चिंगारी )**। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आदेश एवं सपा अल्पसंख्यक सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना इकबाल कादरी के निर्देशानुसार नगीना के वरिष्ठ सपा नेता एवं अल्पसंख्यक सभा के राष्ट्रीय सचिव शमशाद रशीद माहीगीर को एसआईआर के तहत फार्म 6, 7 व 8 के सम्बन्ध में नगीना के बूथ संख्या 283, 284, 285, 286, 287 पर निगरानी करने और सही लोगों के वोट कटवाने के प्रयासों को रोकने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। शमशाद रशीद ने कहा कि पार्टी ने उन्हें जो जिम्मेदारी दी है, वे उसे पूरी सतर्कता के साथ पूरा करेंगे।

# 'हम युग का निर्माण करेंगे'

## संकल्प के साथ सक्रिय हुआ गायत्री परिवार

**बिजनौर ( चिंगारी )**। ग्राम मोरना ब्लॉक नूरपुर में अश्वनी कुमार के आवास पर पुखराज सिंह जिला समन्वयक की अध्यक्षता एवं विनोद चौहान के संचालन में गायत्री परिवार की बैठक सम्पन्न हुई। वरिष्ठ संरक्षक स्वरूप पं. सोमेश्वर शर्मा, समर सिंह तहसील समन्वयक, इन्द्रदेव शर्मा सहसमन्वयक, नरेश सिंह, मनमोहन शर्मा, श्रीमती नीना रहे। गोष्ठी में गत दिसम्बर माह में आयोजित 24 कुण्डीय महायज्ञ में सहयोग देने वाले भाई-बहनों का सम्मान किया गया। प्रज्ञा मंडल मोरना के लिए- शिवराज कुमार, प्रमोद कुमार, जितेंद्र सिंह, परितोष कुमार, सुरेशचन्द शर्मा, मा. कैलाश सिंह, दिग्विजय सिंह, कपिल कुमार, वीरेंद्र सिंह, सतीश कुमार। प्रज्ञा मंडल ग्राम- ऊमरी में जयप्रकाश गौतम, ग्राम- सुनगढ़ के लिए पुष्पेन्द्र सिंह के नेतृत्व में प्रज्ञा मंडल गठित किये गये। भारतीय ज्ञान संस्कृति परीक्षा हेतु मा. कैलाश सिंह, यशपाल सिंह नामित हुए। ग्राम मोरना में ही महिला मंडल हेतु श्रीमती वीणा चौहान, कविता देवी, सुषमा देवी, चंचल रानी, पलक देवी नामित हुईं। इसी प्रकार नारी जागरण हेतु श्रीमती आदेश देवी, चंचल देवी, नत्थिया देवी नामित हुईं। इन्द्रदेव शर्मा द्वारा सभी को उनके द्वारा किये जाने वाले यज्ञ, संस्कार, नारी जागरण, स्वाध्याय, साधना आदि को चलाने हेतु विस्तार से समझाया गया।



## डा. भोलानाथ त्यागी की कहानी का प्रसारण आज



**बिजनौर ( चिंगार )। वरिष्ठ लेखक एवं साहित्यकार डा. भोलानाथ त्यागी की कहानी 'आस्था का आचमन' का आकाशवाणी के नजीबाबाद केन्द्र से आज 8 फरवरी को सायं 6:45 बजे प्रसारण किया जाएगा।**

# यूनिवर्सल एकेडमी में कक्षा 12 के विद्यार्थियों को दी भावभीनी विदाई




**बिजनौर( चिंगारी )।** यूनिवर्सल एकेडमी बिजनौर में कक्षा 12 के विद्यार्थियों के लिए कक्षा 11 के विद्यार्थियों ने विदाई समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम विद्यालय प्रधानाचार्य अनुज त्यागी एवं उपप्रधानाचार्या खुशबू कर्णवाल के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। सर्वप्रथम कक्षा 11 के विद्यार्थियों ने कक्षा 12 के विद्यार्थियों का तिलक लगाकर और फूल बरसाकर स्वागत किया। इस अवसर पर कक्षा 12 के विद्यार्थियों द्वारा अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। समारोह के दौरान रैंप पर कैटवाक, स्पीच, नृत्य और मधुर गीतों से छात्र-छात्राओं ने सबका खूब मनोरंजन किया। बारहवीं के विद्यार्थियों ने इस दौरान हर विषय के अध्यापकों को याद किया और अपने अनुभवों और यादों को सबके सामने साझा किया। इस दौरान बच्चों को अनेक खिताबों से पुरस्कत किया गया और सेशे पहनाकर सम्मानित किया गया। मिस फेयरवेल और मिस्टर फेयरवेल रहे कशिश और आर्यन को प्रधानाचार्य अनुज त्यागी एवं उपप्रधानाचार्या खुशबू कर्णवाल ने क्राउन और सेशे पहनाकर सम्मानित किया। इसके साथ अच्छे वक्ता का अवार्ड नवनीत को, पंक्चुअलिटी का अवार्ड रोहिणी, अभयराज को स्पोर्ट्स में, मुकुल, रानू, वेल ड्रेस परी, सक्षम को मिला। मंच संचालन ख्याति, किंजल, ऋषभ और आव्या ने किया।



# निशान्त कर्णवाल ने सरकार की उपलब्धियां गिनाईं

**नूरपुर ( चिंगारी )।** भारतीय जनता पार्टी के नगर मंडल अध्यक्ष निशान्त कर्णवाल ने कहा कि प्रदेश में कानून का राज चल रहा है। उन्होंने मीडिया को बताया कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में चल रही सरकार ने अपने कार्यकाल में कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। कृषि विकास दर में 8.6 प्रतिशत से 13.7 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है, जिससे यह देश का सबसे बड़ा फल और सब्जी उत्पादक राज्य बन गया है। स्वास्थ्य सेवाएं, सरकार ने पांच हज़ार नये स्वास्थ्य उपकेंद्रों की स्थापना की है और 75 जिलों में डायलिसिस की नि:शुल्क सुविधा प्रदान कराई है। शिक्षा के क्षेत्र में मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत छात्र-छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए नि:शुल्क कोचिंग दी जा रही है। सरकार ने महिला सशक्तिकरण के लिए कई कदम उठाए हैं, जिनमें से एक है मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, जिसके तहत गरीब कन्याओं का विवाह सम्पन्न कराया जा रहा है। सड़क और परिवहन क्षेत्र में उत्तर प्रदेश में 6 एक्सप्रेस-वे संचालित हैं और 11 पर काम चल रहा है, जिससे राज्य की कनेक्टिविटी में सुधार हुआ है।



## भाकियू का धरना जारी

**चांदपुर ( चिंगारी )।** भाकियू टिकैत कार्यकर्ताओं द्वारा तहसील परिसर में दिया जा रहा अनिश्चितकालीन धरना आज 12वें दिन भी जारी रहा। धरने पर बैठे भाकियू कार्यकर्ताओं ने क्षेत्रवासियों की परेशानी को देखते हुए अत्यंत जर्जर हो चुके चांदपुर-बास्टा मार्ग का निर्माण कार्य शीघ्र शुरू कराये जाने खादर क्षेत्र में हर वर्ष आने वाली बाढ़ की रोकथाम के लिए तटबंध बनाए जाने तथा सामान्य योजना के कनेक्शन बहाल किए जाने की मांग की। उन्होंने दोटूक कहा कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं की जाएगीं धरना जारी रहेगा। धरने पर बैठने वालों में लुधियान सिंह बिट्टू, गजेन्द्र सिंह, ऋषिपाल सिंह, रवेन्द्र त्यागी उर्फ कालू टिकैत,बरम सिंह, नरेन्द्र तोमर, राजेन्द्र सिंह, परम सिंह आदि रहे।




## कक्षा 12 के विद्यार्थियों को आशीर्वाद देकर विदाई दी

**चांदपुर ( चिंगारी )।** फादरसन पब्लिक स्कूल चांदपुर में कक्षा 12 के विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना के लिए आशीर्वाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय का वातावरण भावुक, प्रेरणादायक एवं उत्साह से भरा रहा। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं ईश्वर वंदना से हुई, विद्यालय के प्रधानाचार्य अमन कुमार सूर्यवंशी ने विद्यार्थियों को आगामी बोर्ड परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि परिश्रम, अनुशासन और आत्मविश्वास ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने विद्यार्थियों को तनावमुक्त रहकर सकारात्मक सोच के साथ परीक्षा देने का संदेश दिया। इस अवसर पर शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यार्थियों ने भी अपने शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की और भावनात्मक क्षण देखने को मिले।

## पंचायत की रणनीति बनाई



**नूरपुर ( चिंगारी )।** शनिवार को ब्लॉक कार्यालय पर भारतीय किसान यूनियन की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह व संचालन पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष विनीत धनकड़ ने किया। बैठक में 9 फ़रवरी को गन्ना समिति के प्रांगण में होने वाली मासिक पंचायत व 21 फ़रवरी को क्षेत्र के गांव अब्दुल्लापुर दहाना में चौधरी राकेश टिकैत की महापंचायत के लिए रणनीति तैयार की गई। बैठक में कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। ब्लॉक अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष विनीत धनखड़, ब्लॉक महासचिव दुष्यंत यादव, समरपाल सिंह, शीशपाल सिंह, ऋषिपाल सिंह, गोतम सिंह, ध्यान सिंह, विजेंद्र सिंह, रक्षपाल सिंह, नगर अध्यक्ष कफ़ील सैफ़ी, नगर सचिव अशफ़ाक खान, रियाजुद्दीन उर्फ मंटू आदि मौजूद रहे।

## कबड्डी मुकाबलों में नर्सिंग और इंजीनियरिंग के खिलाड़ियों ने मारा मैदान



**मुरादाबाद ( चिंगारी )।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के टिमिट कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन की ओर से इंटरकॉलिजिएट चौंपियनशिप- 2026 की ब्वायज़ कबड्डी प्रतियोगिता में नर्सिंग कॉलेज ने मैनेजमेंट कॉलेज को 39-38 से हराकर मैच अपने नाम किया। मेडिकल कॉलेज ने टॉस जीतकर रेड करने का निर्णय लिया। फर्स्ट हॉफ के बाद दोनों ही टीमों का स्कोर 22-22 था। दूसरे हॉफ में भी दोनों टीमों ने आखिरी मिनट तक हार नहीं मानी और मैच में बने रहे। आखिरी रेड में इंजीनियरिंग के खिलाड़ी राहुल दुबे ने प्वाइंट लेकर अपनी टीम को 46-45 से जीत दिलाई। बैडमिंटन के मुकाबलों में मेडिकल कॉलेज और फिजिकल एजुकेशन कॉलेज के बीच जोरदार टक्कर रही। पुरुष एकल वर्ग में फिजिकल एजुकेशन के ताशू ने मेडिकल कॉलेज के कन्नू को दोनों सेटों में 21-14 और 21-17 से मात देते हुए अंततः 2-0 से मुकाबला अपने नाम किया। महिला एकल वर्ग में मेडिकल की रागिणी जैन ने फिजिकल एजुकेशन की पाखी रक्षित पर पहले सेट में 21-9 और दूसरे सेट में 21-4 से बढ़त बनाए रखी। अंत में रागिणी ने 2-0 से जीत दर्ज की। निर्णायक मिश्रित युगल में फिजिकल एजुकेशन ने पहला सेट 21-16 और दूसरा सेट 21-19 से अपने नाम करते हुए 2-0 से मिश्रित युगल का मुकाबला भी अपने नाम कर लिया। फिजिकल एजुकेशन कॉलेज 2-1 से मैच जीतते हुए फाइनल के लिए क्वालिफाई किया।

DHARA MOTOR FINANCE LTD.
Dhara Complex Civil Line Bijnor (UP) Estd. 1990
We are Hiring
Senior Manager
Regional Managers/Area Heads
Expert in credit, recovery and operations (in any)
having at least 5 yeas experience in NBFC
Send your resume to :manager.hr@dharamotor.com
8433405694
CORPORATE OFFICE : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Vasant Kunj New Delhi.



खुल गया! खुल गया!
श्री लाइट
सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।




पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर
बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट
Fybros Fans,
Havells Fans
Orient Fans
सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर
मो. 9897024836, 8800092476

# धूमधाम से मनाया गया जाह्नवी स्कूल का वार्षिकोत्सव

## बच्चों ने नाटकों द्वारा सभी का मन मोहा




**धामपुर ( चिंगारी )।** जाह्नवी पब्लिक जूनियर हाई स्कूल का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर समाज को प्रेरणा देने का काम किया। कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह बॉबी ने सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। भूपेंद्र सिंह ने कहा कि हमारे महापुरुषों से बच्चों को प्रेरणा लेकर अपने जीवन में समाज और राष्ट्र की सेवा करनी चाहिए। बच्चों ने अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये, जिसमें रितिका सोनाक्षी जुबेरिया, विदुषी, आयशा शामिल रहे। झांसी की रानी नाटक में सलोनी, रितिका, सोनाक्षी, विदुषी, राधिका, अनीश, रवि, शिवा, जय प्रताप आदि शामिल रहे। अंत में प्रधानाचार्य सरिता सिंह ने बच्चों के नाटकों की सराहना की और कहा कि इनसे बच्चों को शिक्षा लेनी चाहिए। प्रबंधक अनिल कुमार राजपूत ने बच्चों के कार्यक्रम को कहानी के माध्यम से शिक्षाप्रद बताया। कार्यक्रम में जिला प्रचारक प्रवीण कुमार, मीनू सिसोदिया, सुनीता नंदा, ममता, रविंद्र, लोकेंद्र, अमूल, विनोद, राजेंद्र, वेद प्रकाश, संजय, रानी, हिमानी, सलोनी, डॉली, दिव्या, सीमा, छाया, संजीव कुमार, मेघराज सिंह, अजय कुमार, विजेंद्र, रविंद्र, नरेंद्र, अतुल, संध्या सिंह, पंकज सिंह, अशोक कुमार, दीपा रानी आदि शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन इंदु एवं संजय कुमार ने संयुक्त रूप से किया।

# अनीता चौहान बनी इंचार्ज सीडीपीओ

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** बाल विकास परियोजना अफजलगढ़ में कार्यरत वरिष्ठ मुख्य सेविका श्रीमती अनीता चौहान को जिला कार्यक्रम अधिकारी बिजनौर द्वारा बाल विकास परियोजना अफजलगढ़ की इंचार्ज सीडीपीओ बनाया गया है। यहां कार्यरत रही इंचार्ज सीडीपीओ श्रीमती रीता देवी गत 31 दिसम्बर को सेवानिवृत हो गई हैं। रीता देवी के रिटायर हो जाने पर इस परियोजना में शासकीय कार्यों के ससमय संपादन हेतु परियोजना में कार्यरत वरिष्ठतम मुख्य सेविका श्रीमती अनीता चौहान को डीपीओ बिजनौर विमल चौबे द्वारा बाल विकास परियोजना अधिकारी अफजलगढ़ के पदीय दायित्वों के इस अतिरिक्त प्रभार की जिम्मेदारी दी गई है। नवनियुक्त इंचार्ज सीडीपीओ अनीता चौहान का कहना है कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है वह उनका पूरी ईमानदारी के साथ निर्वहन करेंगी।



**नाम परिवर्तन सूचना**

मैंने अपना नाम "AYAM AHMAD KHAN" से बदलकर "AYAAN AHMAD KHAN" रख लिया है। भविष्य में मुझे AYAAN AHMAD KHAN (अयान अहमद खान) S/o ATIQ AHMAD KHAN (अतीक अहमद खान) निवासी मौहल्ला मृदगान, किरतपुर, पोस्ट किरतपुर, जिला बिजनौर, उ.प्र., नाम से जाना व पहचाना जाए।

# विश्व भारती स्कूल के वार्षिक समारोह में विद्यार्थियों ने पेश किये रंगारंग कार्यक्रम



**धामपुर ( चिंगारी )।** विश्व भारती पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य संजीव चौहान ने सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने नाटक, ग्रुप डांस प्रस्तुत किये। प्रधानाचार्य संजीव चौहान ने कहा कि महापुरुषों के बताएं मार्ग पर चलकर समाज और देश हित के कार्य करने चाहिए। कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले छात्र-छात्राओं में कक्षा 5 से एलिजा, जोया, तान्या, कक्षा 6 से तेबा, तुशारीका, दिशा, जुनेरा, कक्षा 7 से ईशानी, इकरा, कक्षा 8 से अयान, जुनैद, ईशान, कक्षा 9 से नंदिनी, रुकैया, अलीशा, कक्षा 11 से महक, शबनूर, सिमरन आदि ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। कार्यक्रम में सहयोग करने में शिक्षकों में पूनम, कृति, अलीशा, फौजिया, साहिबा, नकुल कुमार, संध्या, रुबीना, अलीना आदि शामिल रहीं। कार्यक्रम का संचालन मंतशा एवं आयशा द्वारा किया गया।

# प्रेरणा दमयंती संस्थान ने निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया, 75 रोगियों ने अपना परीक्षण कराया



**धामपुर ( चिंगारी )।** सुसंसकारित स्वास्थ्य सेवा के अंतर्गत दमयंती देवी प्रेरणा संस्थान की ओर से 199वां निःशुल्क चिकित्सा शिविर जगदीश विजन वर्ल्ड निकट सुभाष चौक धामपुर में आयोजित किया गया। शिविर में 72 मरीजों को निःशुल्क परामर्श एवं तीन-तीन दिन की दवाइयां वितरित की गई।

शनिवार की शाम को शिविर का उद्घाटन बृजमोहन गुप्ता डॉ. अमित गुप्ता, गुरशरण मोहन आदि ने फीता काटकर किया। शिविर में डॉ आदित्य अग्रवाल ने 72 मरीजों को निःशुल्क परामर्श दिया। डॉ. प्रियंका ग्रोवर ने मरीजों का निःशुल्क दंत परीक्षण तथा डॉ. अमित गुप्ता ने निःशुल्क नेत्र परीक्षण किया। इस दौरान मरीजों को 3-3 दिन की दवाइयां भी निःशुल्क वितरण की गई। कैंप में सभी जांचें नाम मात्र रुपए में कराई गई हैं। शिविर में 'पॉलिथीन मुक्त अपना देश-प्रदेश और शहर' अभियान के बारे में लोगों को अवगत कराते हुए कपड़े के बने थैले 10 रुपए सहयोग राशि लेकर वितरित किये गये। शिविर को सफल बनाने में साहिल अखिलेश, पंकज, गौरव, हिमांशु, कपिल, नन्हे, आनंद, मोहित, संकेत, सौरभ व आनंद आदि का योगदान सराहनीय रहा।

# AI आधारित नाड़ी तरंगिणी मशीन का शुभारंभ

## अदिति आयुर्वेदा आरोग्य क्लीनिक में आयुर्वेदिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन





**बिजनौर ( चिंगारी )।** जनस्वास्थ्य जागरूकता एवं आयुर्वेद के प्रचार प्रसार की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए डॉ. अदिति चौधरी के अदिति आयुर्वेदा आरोग्य क्लीनिक पर एक दिवसीय आयुर्वेदिक स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर एआई आधारित नाड़ी तरंगिणी मशीन का विधिवत शुभारंभ किया गया, जो आधुनिक तकनीक के साथ आयुर्वेदिक नाड़ी परीक्षण को और अधिक सटीक बनाती है।

शिविर में लगभग 57 मरीजों की आयुर्वेदिक जांच एवं परामर्श किया गया। नाड़ी परीक्षण के आधार पर रोगियों की प्रकृति, दोष असंतुलन एवं जीवनशैली संबंधी समस्याओं का विश्लेषण कर उन्हें व्यक्तिगत उपचार, आहार-विहार एवं दिनचर्या से जुड़े सुझाव दिये गये। शिविर का मुख्य उद्देश्य लोगों को रोगों से पूर्व बचाव एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के प्रति जागरूक करना रहा। औषधियों का सहयोग भारत भैषज्यशाला, वसु बान लैब्स, ए फॉर आयुर्वेदा, डाबर, केरला आयुर्वेदा, चरक सहित विभिन्न प्रतिष्ठित आयुर्वेदिक कंपनियों द्वारा प्रदान किया गया, जबकि पैथोलॉजी जांच का सहयोग पब्लिक डायग्नोस्टिक द्वारा किया गया।

इस आयोजन को सफल बनाने में नीरज चौधरी, उमंग, विपिन शर्मा, राहुल, संकित, पवित्र, विनीत, उमैर, सहित अन्य सहयोगियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। स्थानीय नागरिकों ने शिविर की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजनों की आवश्यकता बताई।

# स्वयंसेवकों ने की महाविद्यालय परिसर में सफाई

## तुलसी, गेंदा आदि की पौध भी लगाई

**धामपुर ( चिंगारी )।** आरएसएम कॉलेज, धामपुर में प्राचार्या प्रो. रश्मि शर्मा रावल के संरक्षण एवं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रवि धनकड़ के नेतृत्व में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) छात्र इकाई द्वारा प्रथम एक दिवसीय शिविर का आयोजन स्वच्छता अभियान एवं पर्यावरण संरक्षण की थीम पर किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वयंसेवकों द्वारा लक्ष्य गीत के सामूहिक गायन के साथ किया गया। इसके पश्चात स्वयंसेवकों ने पूरे महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाकर साफ-सफाई का संदेश दिया। स्वयंसेवकों ने परिसर में फैली गंदगी को साफ कर स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण बनाये रखने के प्रति सभी को जागरूक किया। पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से कार्यक्रम के अंतर्गत वृक्षारोपण भी किया गया। स्वयंसेवकों द्वारा तुलसी, लेमन ग्रास, गेंदा सहित विभिन्न सुगंधित एवं औषधीय पौधों का रोपण कर परिसर को हरित एवं सुगंधित बनाने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रवि धनकड़ ने नए शैक्षणिक सत्र 2025-26 के सभी छात्रों का माय भारत पोर्टल पर पंजीकरण कराया तथा एनएसएस के आदर्श वाक्य "NOT ME BUT YOU" (मैं नहीं, बल्कि आप) की भावना से छात्रों को अवगत कराया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षक डॉ. भावना वत्सल, डॉ. हिमांशु त्रिपाठी, डॉ. विवेक यादव, डॉ. अर्चना गहलोत एवं डॉ. सुनील वर्मा की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# बर्दाश्त नहीं किया जायेगा एसआईआर कार्मिकों के साथ दुर्व्यवहार- डीएम

## जिला प्रशासन एसआईआर की सम्पूर्ण प्रक्रिया को पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने को प्रतिबद्ध



**बिजनौर (चिंगारी)।** जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर ने जानकारी देते हुए बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा फार्म-07 के माध्यम से मतदाताओं के नाम हटाए जाने के संबंध में संदेह पैदा करने, झूठी अफ़वाहें फैलाने और ईआरओ, एईआरओ, बीएलओ तथा एसआईआर कार्य में अपने दायित्व अदा कर रहे किसी भी सरकारी अधिकारी एवं कर्मचारी के साथ दुर्व्यवहार करने के कृत्य का गंभीरता से संज्ञान लेते हुए दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि फॉर्म-7 के माध्यम से मतदाताओं के नाम हटाए जाने के संबंध में स्पष्ट करते हुए कहा कि उक्त संदेह बेबुनियाद और निराधार है, क्योंकि भारत निर्वाचन आयोग के पास नाम हटाने की एक निर्धारित प्रक्रिया है और यह उचित सुनवाई के बाद की जाती है। उन्होंने बताया कि फॉर्म-7 का दैनिक डेटा चुनाव आयोग द्वारा आयोग के निर्धारित पोर्टल पर जारी किया जाता है। उन्होंने बताया कि किसी भी वोटर का नाम मृत्यु, स्थायी अनुपस्थिति, उसी स्थान या किसी अन्य स्थान पर पहले से मतदाता सूची में पंजीकृत होने और भारतीय नागरिक न होने के आधार पर मतदाता का नाम हटाने के लिए फॉर्म 7 जमा किया जाता है। जिलाधिकारी ने यह भी बताया कि यदि कोई आपत्ति फार्म 7 किसी मतदाता का नाम हटाने के लिए आती है तो संबंधित बीएलओ पहले उसे फॉर्म को अपने पोर्टल पर अंकित/डिजिटाइज करेगा, उसके बाद इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर द्वारा आपत्तिकर्ता और उस मतदाता को जिसके विरुद्ध आपत्ति दर्ज कराई गई है, दोनों को लिखित नोटिस जारी किया जाएगा। तदोपरांत उस पर मौका मुआयना के आधार पर निर्णय लिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि फॉर्म 7 जमा करने का अधिकार केवल उसी व्यक्ति को है, जिसका नाम उसी विधानसभा क्षेत्र की मतदाता सूची में पहले से दर्ज है। फॉर्म-7 भरने वाले व्यक्ति को पहले अपना नाम और मतदाता पहचान पत्र नंबर लिखना अनिवार्य है। इसके बाद आपत्तिकर्ता को उस व्यक्ति का नाम लिखित रूप में प्रस्तुत होगा, जिसके खिलाफ आपत्ति दर्ज की जा रही है और इसी के साथ आपत्ति का कारण बताना होगा। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन एसआईआर की संपूर्ण प्रक्रिया को निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए पूर्ण रूप से पारदर्शी, निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। साथ ही साथ अधिकारी कार्यालय मतदान केंद्र पर जाकर सरकारी कार्यों में बाधा डालने, सरकारी अभिलेखों को नष्ट करने, बीएलओ, वीआरसी ऑपरेटर अभिकर्ताओं तहसील ब्लॉक लेवल अधिकारियों को डराने धमकाने, उनका हरासमेंट करने के किसी भी कृत्यों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## लायनेस क्लब ने आयोजित किया कैंसर अवेयरनेस कैम्प

**बिजनौर (चिंगारी)।** सभी के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए कैंसर अवेयरनेस कैम्प डा. नवनेश कोठारी एवं प्रिया कोठारी के क्लीनिक में लगाया, जहां पर बड़ी संख्या में मरीजों को डा. प्रिया ने देखा एवं उन्हें स्वास्थ्य विशेषकर महिलाओं में हो रहे ब्रेस्ट एवं सर्वकिल कैंसर के बारे में जानकारी दी कि समय रहते जितनी जल्दी हो सके शरीर में हो रहे परिवर्तन के बारे में डाक्टर से मिलें और उन्हें अपने बारे में सही एवं पूरी जानकारी दें। डा. कोठारी ने कहा कि कैंसर से बचाव मरीज के अवेयरनेस पर ही निर्भर है। कार्यक्रम में क्लब मेम्बर जो स्वयं एक कैंसर वारियर हैं, ने अपने अनुभव साझा किये। कैम्प के समाप्त होने पर एक गरीब महिला की कन्या को जिसका विवाह तय हो गया था, क्लब के सदस्यों ने 5000 रुपये कैश एवं कपड़े, बर्तन, घड़ी, पर्स, चादरें, कम्बल क्लब द्वारा दिये गये। डा. प्रिया कोठारी को बुके देकर एवं दुपट्टा ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।



# हमें अपनी संस्कृति को समझना चाहिये- क्रांति जी




## खारी-झालू में हुआ हिन्दू सम्मेलन का आयोजन

**खारी/झालू (चिंगारी)।** स्वयंभू झारखंडी प्राचीन शिव मंदिर के प्रांगण में शनिवार को हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य हिंदू संस्कृति के संरक्षण, सामाजिक समस्या, नागरिक कर्तव्य, स्व का बोध, पर्यावरण संतुलन तथा राष्ट्र निर्माण में समाज की भूमिका पर जागरूकता बढ़ाना रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. धर्मवीर सिंह और संचालन नवयुग चाहल ने किया। मुख्य वक्ता श्री क्रांति कुमार ने अपने संबोधन में संघ की 100 वर्ष की यात्रा के बारे में, जाति की ऊंच-नीच की समानता के बारे में चर्चा की और वसुधैवकुटुंबकम् के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि हमें अपनी संस्कृति को समझना चाहिए। विदेशों में भ्रमण करने के बजाय अपने देश की प्रसिद्ध जगह और अपने मंदिरों में भ्रमण करना चाहिए। श्री सुनील कुमार ने बदलती जीवन शैली और बदलते युग के बारे में चर्चा की। मास्टर कृष्ण कुमार ने शिव जी के भजन सुनाए, जिन पर सभी भक्त झूम उठे। मीनाक्षी शहरावत ने भारतवर्ष में हिंदुत्व का प्रचार, हिंदू राष्ट्र, महिला स्वाभिमान और बदलते माहौल पर प्रभाव डाला। डॉक्टर धर्मवीर सिंह ने सभी वक्ताओं को धन्यवाद किया। इस अवसर पर कार्यक्रम में लोकेंद्र सिंह (झालू चेयरमैन), प्रिंस कुमार, संत कपिल देव, समरपाल सिंह, योगेश्वर सिंह, नरेंद्र कुमार, अंकित कुमार, सनी सिंह, नरेंद्र, गोविंदा कुमार, गौतम सिंह, जसवंत सिंह, संजीव कुमार, विनीत कुमार, बृजेश कुमार, राजीव कुमार, डॉ. भूपेंद्र कुमार, रंजीता देवी (ग्राम प्रधान गोपालपुर), योग प्रशिक्षक सद्भावना अंशु चौधरी, डॉ. धर्मवीर सिंह, कृष्ण कुमार सेठ, गोपाल (ग्राम प्रधान हादरपुर), रामपाल सिंह, सूरज सिंह (पूर्व प्रधान धर्मपुरा), वीरेंद्र सिंह, जगवीर आर्य, ललित सहरावत आदि मौजूद रहे।

## फेयरवैल व गुडलक पार्टी का आयोजन किया



**नांगल सोती (चिंगारी)।** स्प्रिंग फील्ड सीनियर सैकेंड्री एकेडमी नयागांव (मंडावली) में 12 वीं के बच्चों के लिये फेयरवैल पार्टी और 10 वीं के बच्चों के लिये गुडलक पार्टी का आयोजन किया गया। शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अत्यन्त उत्साह के साथ रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये। प्रधानाचार्या डा. करुणा शर्मा ने बताया कि इस वर्ष कक्षा 12 से निकलने वाले अधिकतर छात्र -छात्राएं नर्सरी कक्षा से ही विद्यालय में पढ़ रहे हैं। प्रधानाचार्या करुणा शर्मा ने इस पल को अविस्मरणीय पल बताते हुए सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। एमडी कुलदीप सिंह ने शिक्षण संस्था के साथ-साथ विद्यालय को टाइम मशीन की संज्ञा देते हुए कहा कि इसमें बच्चों का सुनहरा बचपन, उनकी शरारतें और बहुत सी खट्टी-मीठी यादें कैद हो जाती हैं। इस अवसर पर कक्षा 9 और कक्षा 12 के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न खेलों का आयोजन भी किया। अदिति को मिस एसएफए, सोहेल खान को मिस्टर एसएफए, सलीम को मिस्टर फेयरवैल और इशिका को मिस फेयरवैल के रूप में सम्मानित किया गया। जबकि कार्यक्रम में शामिल समस्त विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह और पुरस्कार देकर सम्मानित किया। आयोजन में चेतना, समीना, रीता, राहुल, अंकित, शिवानी, अल सबा, मीनाक्षी, पूजा, वैशाली सहित समस्त टीचर्स का योगदान रहा। शबाना ने कार्यक्रम की रील बनाकर इस दिन को विद्यालय के इतिहास में एक खूबसूरत अध्याय बनाते हुए जोड़ दिया।

## एलडीआर स्कूल में 12वीं के विद्यार्थियों को विदाई दी

**किरतपुर (चिंगारी)।** एलडीआर पब्लिक स्कूल किरतपुर में कक्षा 11 के छात्र एवं छात्राओं के द्वारा अपने सीनियर कक्षा 12 के छात्रों की विदाई समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें चिट गेम, रैम्प वाक, मियूजिकल चेयर, मिस फेयरवैल, मिस्टर फेयरवैल जैसे अनेक कार्यक्रम शामिल थे, मिस्टर फेयरवैल और मिस फेयरवैल में क्रमशः तुषार एवं आशकारा ज़रीन चुना गया। सभी ने नम आंखों से अपने विचार एवं यादों को साझा किया। प्रधानाचार्य श्री सचिन कुमार ने सभी छात्रों को भविष्य में सफल होने का आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि विद्यालय छात्रों की जड़ होता है और छात्र इसकी शाखा, इसमें सभी छात्र अपने भविष्य का निर्माण करते हुए फलते-फूलते हैं। हम चाहते हैं कि ये शाखा ओर फले फुले, विद्यालय का नाम रोशन करे। विद्यालय की प्रबंध सिमिति ने इस समारोह में आकर इस कार्यक्रम को और अधिक यादगार बना दिया। सभी ने बच्चों को सदा आगे बढ़ते रहकर सफलता का मार्ग प्रशस्त करने का आशीर्वाद दिया।



# मोटा महादेव मंदिर पर 150 शिवभक्तों के जत्थे ने जलाभिषेक किया

## शिव भक्तों के जयकारों से मंदिर परिसर गूंज उठा

**मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)।** क्षेत्र के हरिद्वार मार्ग स्थित स्वयंभू सिद्धपीठ मोटा महादेव मंदिर पर 150 शिव भक्तों के पहले जत्थे ने पहुंचकर भोलेनाथ का जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की। महाशिवरात्रि पर्व के मौके पर दूर दराज से हरिद्वार गंगाजल लेने के लिए



मोटा महादेव मंदिर पर जलाभिषेक करते शिवभक्त।

शिव भक्त पहुंच रहे है। शिवभक्त बड़े ही श्रद्धा भाव के साथ कांवड़ में गंगाजल लेकर अपने गंतव्य की ओर बढ़ रहे है। शनिवार की शाम को जिला पीलीभीत के 150 शिवभक्तों का एक जत्था मोटा महादेव सिद्धपीठ मंदिर पहुंचा। शिव भक्तों के जयकारों से मंदिर परिसर गूंज उठा। सभी शिवभक्तों ने भक्तिमय वातावरण में शिवलिंग पर जल चढ़ाकर बाबा भैरो का आशीर्वाद लिया। कावड़ियों ने मंदिर के पुजारी शशिनाथ की देखरेख में पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की। पीलीभीत के शिवभक्तों ने बताया कि वह पांच फरवरी को हरिद्वार से गंगाजल लेकर चले हैं, शिवरात्रि के दिन अपने नगर के शिवमन्दिर में जल चढ़ायेंगे। शिवभक्त कांवड़ियों ने भोले के भजनों पर जमकर ठुमके लगाए। कांवड़ियों ने पुलिस-प्रशासन के द्वारा की गई व्यवस्था की सराहना की।

## पुलिस कांवड़ियों की सुरक्षा व यात्रा को सुगम बनाने में जुटी



**मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)।** जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के निर्देशन पर मंडावली थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार कांवड़ यात्रा को सुगम बनाने में लगे हुये हैं। कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए क्षेत्र के कोटावाली नदी पुल से मोटा महादेव मंदिर तक सभी कट बंद कर दिए गए है। भारी वाहनों के लिए भी रूट डाइवर्ट कर दिया गया है। सीओ नितेश प्रताप सिंह ने कांवड़ मार्ग पर ढाबों की चेकिंग कर खाने की गुणवत्ता व रेट लिस्ट चेक की। एसपी सिटी डॉ. कृष्ण गोपाल ने भी शनिवार को मंडावली क्षेत्र में कांवड़ मार्ग का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। मंडावली थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार ने रविवार को सुबह कांवड़ मार्ग पर मंडावली, भागूवाला, कोटावाली, मोटा महादेव मंदिर आदि सभी पुलिस चेक पोस्ट पर ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों की ड्यूटी चेक कर कांवड़ मेले को सकुशल संपन्न कराने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

## कांवड़ मेला शांति से सम्पन्न कराने को सभी सहयोग दें: शाहबुद्दीन मकरानी



**मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)।** आजाद समाज पार्टी के जिला प्रभारी व वार्ड दो से संभावित प्रत्याशी जिला पंचायत सदस्य, मंडावली निवासी शाहबुद्दीन मकरानी उर्फ साबू ने प्रेमभाव का संदेश देते हुए क्षेत्रवासियों से कहा है कि महाशिवरात्रि पवित्र त्यौहार है। कांवड़ यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन लगातार तैयारी में जुटा हुआ है। सभी विभाग के अधिकारियों ने अपनी तैयारी कर ली है। उन्होंने कहा कि बाहर से आने वाले शिवभक्तों को किसी प्रकार की परेशानी न हो इसके लिए शासन-प्रशासन के अधिकारी लगातार हर पहलू पर ध्यान रख रहे हैं। उन्होंने क्षेत्रवासियों से शासन-प्रशासन का सहयोग कर कांवड़ियों का स्वागत करने की अपील की। उन्होंने कहा कि हमारे जनपद से लाखों की संख्या में कांवड़िए होकर निकलते हैं, अपनी हिन्दू-मुस्लिम एकता को कायम रखकर सभी धर्म के लोगों से कांवड़ मेले की तैयारी में सहयोग करने के साथ त्यौहार को प्रेम सौहार्द के साथ मिलजुलकर मनाने की अपील की।

## कंटेनर की टक्कर से बाइक सवार की मौत, दो घायल

नजीबाबाद (चिंगारी)। हरिद्वार मार्ग पर मालन नदी के निकट शनिवार को बाइक सवार तीन युवकों को पीछे से आ रहे एक कंटेनर ने जोरदार टक्कर मार दी। इसमें घायल युवकों को तत्काल अस्पताल भेजा गया। जहां एक युवक की मौत हो गई। मृतक युवक का नाम जौनी (24 वर्ष) पुत्र राम सिंह बताया गया है। जबकि उसके अन्य दो साथी सौरभ व अमित को भी मामूली चोटें आई हैं। बताया जा रहा है कि तीनों आपस में दोस्त हैं जो शहर से अपने गांव अलीपुर जा रहे थे। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलते ही तत्काल पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर कंटेनर को कब्जे में लिया, जबकि उसका चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस द्वारा मृतक जौनी के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेज दिया।

## सड़क मरम्मत का काम शुरू, धरना समाप्त

**बिजनौर (चिंगारी)। चांदपुर की चुंगी से फतेहपुर वाली रोड की मरम्मत का काम शुरू होने पर ग्रामीणों ने आज अपना धरना समाप्त कर दिया। इससे पूर्व एनएच के एसडीओ आशीष शर्मा, नायब तहसीलदार सार्थक चौधरी और पीडब्लूडी के जेई धरनास्थल पर पहुंचे और ग्रामीणों को बताया कि आरबीएम से मार्ग की मरम्मत शुरू करा दी गई है। इस मौके पर नरेश सिंह, शिवा शर्मा, जोगेंद्र सिंह, मन्नान अंसारी, सुखवीर पाल, शहजाद, ओमवीर सिंह, नरेंद्र सिंह, नजाकत अली कम्भौर आदि मौजूद रहे।**

## मौहम्मद रयान मिस्टर व दिव्य चौधरी मिस फेयरवैल चुनी गई




### वालिया ग्लोबल एकेडमी में 12 वीं के विद्यार्थियों का विदाई समारोह

**नजीबाबाद (चिंगारी)।** वालिया ग्लोबल एकेडमी में कक्षा 12 वीं के छात्र-छात्राओं के विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कनक, पंखुड़ी व खनक ने वेलकम सॉंग के साथ किया। तनिषा, कोमल, विधि, सोनम, ईलमा व अवनि ने मंच पर नृत्य प्रस्तुत किया। कक्षा 11 की छात्रा इल्मा ने विदाई भाषण दिया। कक्षा 12 के छात्रों के लिए म्यूजिकल चेयर व कपल डांस का आयोजन किया गया। काविन व पंखुड़ी ने ड्यूट सिंगिग प्रस्तुत की। इस अवसर पर सक्षम, आफरीन, जयशिखा मान, सलोनी देशिका व तुषार को गोल्डन जर्नी अवार्ड से सम्मानित किया गया। मिस्टर फेयरवेल का ताज मोहम्मद रयान व मिस फेयरवेल का ताज दिव्या चौधरी के सिर पर सजा। इस अवसर पर मिस्टर ईरनडाइट सक्षम शर्मा एवं तल्हा जफर व मिस इरुडाइट आरोही एवं तनु अहलावत को चुना गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या अनिता सिवाच ने इस अवसर पर कहा कि छात्र-छात्राओं के बेहतर प्रदर्शन से विद्यालय लगातार उन्नति कर रहा है। ऐसे ही 12 वीं के छात्र भी अपना व देश का भविष्य उज्वल बनाने में सहयोग करेंगे। कार्यक्रम का संचालन छात्राओं अनम, आयशा, दिव्यांशी व कनिष्का ने संयुक्त रूप से किया। विद्यालय में स्व. श्रीमती शकुंतला रानी की पुण्यतिथि भी मनाई गयी। विद्यालय की प्रबंध समिति की ओर से कमलकांत वालिया, रमाकांत वालिया, इंदु वालिया व जाहनवी वालिया ने उनके चित्र के सम्मुख पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

# देशहित में संघ कार्यकर्ता हर जगह खड़ा मिलेगा- डॉ. विदित

## नांगल में हिन्दू सम्मेलन का आयोजन

**नांगल सोती (चिंगारी)।** स्थानीय सत्येन्द्र गोयल सरस्वती शिशु मंदिर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा आज हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ताओं ने कहा कि आज भी राजनीतिक दुराग्रह से हिंदुओं को बांटने का षड्यंत्र रचा जा रहा है। मुख्य वक्ता एवं आरएसएस के प्रांत विद्यार्थी प्रमुख डा. विदित ने कहा कि भगवा ध्वज समस्त हिन्दू समाज का प्रतिबिंब है। हिंदुओं को एकजुट करने के लिये आरएसएस की स्थापना हुई थी, मगर कुछ बुरी शक्तियां राजनीतिक दुराग्रह से आज भी हिंदुओं को बांटने का प्रयास कर रही हैं। समाज को अभी भी संगठित करने



हिन्दू सम्मेलन का शुभारंभ करते अतिथिगण

की जरूरत है। देशहित के लिये जहां भी जरूरत होगी, वहां संघ का स्वयंसेवक जरूर खड़ा मिलेगा। उन्होंने आरएसएस की 100 वर्षों की गौरवमयी यात्रा के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। मुख्य वक्ता एवं विश्व हिन्दू परिषद के प्रांत गौरक्षा प्रमुख कैलाश उपाध्याय ने कहा कि एक हजार वर्षों के सतत संघर्षों के बाद भी हमारी सनातन संस्कृति हमें हिंदू बनाये हुए हैं। ये हमारे संत, ऋषि-मुनि, गाय, गंगा एवं यज्ञ रूपी संस्कृति का प्रताप ही है कि आज भी हिंदू जीवित है और सम्पूर्ण जगत को प्रकाशमान कर रहा है। हमारी संस्कृति वैज्ञानिक है और इसका क्रमश: विकास हुआ है।

संबोधन से पहले पूर्व सैनिक डालचंद पाल ने शानदार संगीतमयी प्रस्तुति दी। शिशु मंदिर के विद्यार्थियों तथा प्रधानाचार्य ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। कौशल राणा के संचालन में आयोजित हिन्दू सम्मेलन में ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल, गगन कर्णवाल, खंड संघचालक सत्यपाल सिंह, भाजपा नेता सुधीर भुईयार, भूपेन्द्र राजपूत, आर्य वीरेन्द्र शर्मा, राजपाल सिंह, अतुल अग्रवाल, तपेश्वर परमार, विनीत कुमार, राजकुमार सिंह, प्रधानाचार्य रामपाल सिंह भाटी, दीपक देशवाल, अतुल अग्रवाल, पंकज पाल, पं. आनंद कौशिक, अनुज चौधरी, ओमकार आजाद, योगेन्द्र चौधरी, चन्द्रप्रकाश मौर्य, जितेन्द्र कुमार, भारत सिंह, धर्मपाल सैनी, दिनेश परमार सहित सैकड़ों महिला-पुरुष मौजूद रहे।

# पूर्ण गुणवत्ता के साथ किया जाये शिकायतों का निस्तारण : डीएम



**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस के आयोजन का उद्देश्य है कि एक ही स्थान पर जिला स्तरीय समस्याओं का निस्तारण उपस्थित अधिकारियों के माध्यम से मौके पर ही निस्तारित करने का प्रयास किया जाए और यदि किसी कारणवश यह संभव नहीं है तो पूर्ण गुणवत्ता के साथ एक सप्ताह में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण किया जाए। जिलाधिकारी तहसील बिजनौर (सदर) में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दे रहे थे। उन्होंने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि शिकायतकर्ता द्वारा अपनी शिकायत पुन: प्रस्तुत करने का सीधा अर्थ है कि उसकी शिकायत को गंभीरतापूर्वक नहीं सुना गया या उसका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण नहीं किया गया है। तहसील दिवस के मौके पर कुल 20 शिकायतें दर्ज की गयीं। जिनमें 04 शिकायतों का मौके पर ही विभागीय अधिकारियों के माध्यम से निराकरण करा दिया गया तथा शेष के गुणवत्तापरक व समयबद्ध निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर रितु रानी, सीओ सिटी संग्राम सिंह, तहसीलदार सहित अन्य सभी विभागों के जिला स्तरीय एवं स्थानीय अधिकारी मौजूद थे।

# डीएम ने किया सदर तहसील का निरीक्षण



**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस की समाप्ति के बाद तहसील सदर बिजनौर का निरीक्षण किया। सर्वप्रथम उन्होंने प्रथम तल पर राजस्व निरीक्षक कार्यालय स्थित कृषि दुर्घटना बीमा रजिस्टर का अवलोकन किया तथा कृषि दुर्घटनाओं से संबंधित मामलों की अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि कृषि दुर्घटना से पात्र किसानों, परिजनों को शासन की मंशा के अनुरूप समयबद्धता, पारदर्शिता एवं नियमानुसार सहायता उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि कृषि दुर्घटना बीमा से संबंधित सभी प्रकरणों का सत्यापन शीघ्रता से पूर्ण करते हुए लंबित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करना सुनिश्चित किया जाए। तदुपरांत उन्होंने कार्यालय रजिस्ट्रार कानून स्थित निर्वाचन नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम कक्ष का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी सदर श्रीमती रितु चौधरी, तहसीलदार सहित अन्य तहसील स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

# माघ खिचड़ी भोज कार्यक्रम में शामिल हुये सीएम धामी

## 'खड़ी होली' की धुन पर झूम उठा टनकपुर



**नैनीताल ( चिंगारी )।** उत्तराखंड के टनकपुर स्थित शारदा घाट पर आयोजित पारंपरिक माघ खिचड़ी भोज कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सहभाग कर प्रदेश की समृद्ध लोक संस्कृति से जुड़ाव का संदेश दिया। मुख्यमंत्री ने श्रद्धालुओं को स्वयं प्रसाद वितरित किया तथा स्थानीय नागरिकों के साथ बैठकर माघ खिचड़ी प्रसाद ग्रहण किया।

कार्यक्रम के दौरान उन्होंने स्थानीय महिलाओं के साथ कुमाऊँ की प्राचीन लोक परंपरा 'खड़ी होली' में भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में घेरा बनाकर खड़े होकर कुमाऊँनी लोकगीत गाए, जिनमें मुख्यमंत्री ने भी स्वर मिलाया। ढोल-दमाऊं और लोकधुनों की मधुर लय पर पूरा वातावरण भक्ति, उल्लास और सांस्कृतिक गौरव से ओतप्रोत हो उठा। टनकपुर की गलियों में गूंजती खड़ी होली ने कुमाऊँ की जीवंत लोक परंपराओं की सुंदर झलक प्रस्तुत की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि माघ मास श्रद्धा, सादगी, संयम और समरसता का प्रतीक है। खिचड़ी भोज जैसी परंपराएं समाज को एक सूत्र में बांधती हैं, वहीं खड़ी होली जैसी लोक विधाएं हमें अपनी जड़ों, संस्कृति और विरासत से जोड़ती हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी परंपराएँ सामाजिक एकता को सुदृढ़ करती हैं और नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक पहचान से परिचित कराती हैं।

# 152 पुलिसकर्मियों के परिजनों ने चिकित्सा शिविर का लाभ उठाया

**बिजनौर ( चिंगारी )।** शनिवार को वामा सारथी उ.प्र. पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित वामा सारथी अध्यक्षा श्रीमती रिया झा पत्नी एसपी अभिषेक के नेतृत्व में आयोजित नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में वामा वेलनेस होम्योपैथिक चिकित्सा परामर्श के साथ-साथ नि:शुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित शिविर में चिकित्सकों ने लोगों को मौसमी बीमारियों से बचाव, त्वरित उपचार तथा संक्रमण से सुरक्षा के उपायों की जानकारी दी गई। शिविर में 152 पुलिसकर्मी एवं उनके परिजनों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी अपराध आकांक्षा गौतम, प्रतिसार निरीक्षक देवेन्द्र सिंह सिकरवार, डॉ. रवि कुमार, फार्मासिस्ट विकास कुमार एवं प्रमोद सिंह सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# शहर में सौहार्द बिगाड़ने वालों पर हो कार्यवाही

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** वरिष्ठ नागरिक संगठन ने कोटद्वार शहर में दुकान का नाम बदलने को लेकर हुए विवाद के बाद माहौल खराब करने वालों पर कार्रवाई की मांग की है। कहा कि ऐसे लोगों को चिंहित कर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। शनिवार को यहां जारी संयुक्त बयान में संगठन अध्यक्ष सेनि. कै. पी एल खंतवाल व सचिव आर पी पंत ने कहा कि कुछ दिन पूर्व शहर में एक दुकान का नाम बदलने को लेकर विवाद हुआ था। इसके बाद कई लोगों ने शहर में सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास किया। कहा कि इस तरह का कृत्य किसी भी तरह से बर्दाश्त नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने आम जनता से भी आपस में सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने और अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की।

# अपराध सिद्ध नहीं हुआ, संजीव हत्याकाण्ड के आरोपी न्यायालय से बरी

**बिजनौर ( चिंगारी )।** प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री राम अवतार यादव ने ग्राम स्वाहेड़ी में संजीव हत्याकांड के अभियुक्तों को बरी कर दिया है।

बचाव पक्ष के अधिवक्ता मनोज ढाका के अनुसार योगेश ने थाना कोतवाली शहर में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसका मायका ग्राम अगरा थाना कोतवाली शहर में है तथा उसकी शादी कोतवाली शहर थानांतर्गत ग्राम स्वाहेड़ी बुजुर्ग निवासी संजीव पुत्र राजपाल सिंह के साथ हुई थी। संजीव पुलिस विभाग में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी था जो जनपद जेपी नगर के बछरायूं में तैनात था। वह जनवरी 2005 में छुट्टी पर घर आया था। फिर वह नौकरी पर जाने के लिए घर से चला गया था। लेकिन वह अपनी नौकरी पर नहीं पहुंचा। कुछ व्यक्तियों ने बताया कि उसे 3 फरवरी 2005 को ग्राम में ही कुछ लोगों के साथ देख गया था। योगेश को अपने पति संजीव की हत्या करने का शक हुआ। वह थाना कोतवाली शहर रिपोर्ट दर्ज कराने गई,लेकिन पुलिस ने कहा कि बछरायूं में रिपोर्ट दर्ज कराओ। वहीं भी नहीं लिखी। पुलिस अधीक्षक से भी मिली, तब भी रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। तब न्यायालय के आदेश पर धारा 156(3) के तहत 16 फरवरी 2005 को थाना कोतवाली शहर में अज्ञात में रिपोर्ट दर्ज की गई। पुलिस में विवेचना में ग्राम स्वाहेड़ी बुजुर्ग निवासी मनोज कुमार, भारत सिंह पुत्रगण राजपाल सिंह और धर्मेंद्र पुत्र सत्यवीर का नाम आया। मुकदमे के विचारण के दौरान भारत सिंह की मृत्यु हो गई। तब मुकदमा मनोज कुमार और धर्मेंद्र के विरुद्ध हत्या और अपहरण में चार्जशीट न्यायालय में पेश की।

इस मामले में अपर जिला जज श्री रामवतार यादव ने अभियोजन पक्ष द्वारा अपराध सिद्ध न करने के कारण अभियुक्त मनोज कुमार और धर्मेंद्र को हत्या और अपहरण के मामलों से बरी कर दिया।

# दुष्कर्म के मामले में 7 साल की सज़ा

## 50 हजार का जुर्माना हुआ

**बिजनौर/नांगल सोती ( चिंगारी )।** युवती को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने एवं बलात्कार के अपराध में अभियुक्त को 7 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 50 हजार रुपये अर्थदण्ड से दंडित किया गया है। 29 नवम्बर 2019 को नांगल थाना क्षेत्र के निवासी एक व्यक्ति ने नांगल थाने में मुकदमा दर्ज कराया था कि उसकी पुत्री को नीटू पुत्र अतर सिंह निवासी ग्राम रायपुर खास थाना नांगल बहला-फुसलाकर भगा ले गया है तथा आरोपी ने उसके साथ बलात्कार किया है। पुलिस ने आईपीसी की धाराओं 366, 376, 323, 506 आईपीसी के अन्तर्गत मुकदमा दर्ज किया था और 12 फरवरी 2020 को न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। न्यायालय ने 27 फरवरी 2020 को इस मुकदमे का संज्ञान लिया था। अभियोजन विभाग एवं पुलिस की प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप शनिवार को न्यायालय, एडीजे-7 बिजनौर द्वारा अभियुक्त नीटू पुत्र अतर सिंह को धारा 366 आईपीसी में 5 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 25 हजार रुपये अर्थदण्ड तथा धारा 376 आईपीसी में 7 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 25 हजार रुपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई गई है। अर्थदण्ड जमा न करने पर 3 माह के अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी।

# 'अपना घर बचाओ' की मुहिम को लेकर, बापूग्राम के लोग बैठे धरना देकर

## पूर्व सीएम हरीश रावत ने भी दिया समर्थन





**ऋषिकेश (चिंगारी)।** पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने अपने घर, जमीन बचाने की मुहिम में बापूग्राम धरना स्थल पहुंचकर बापूग्राम बचाओ संघर्ष समिति को समर्थन दिया, साथ ही उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर जनता सर्वोच्च न्यायालय से ना लड़े बल्कि सरकार की ओर से इस लड़ाई को पक्षकार बनकर मजबूती से लड़ना चाहिए, जनता इसीलिए सरकार चुनती है, और यह सरकार का कर्तव्य व नैतिक जिम्मेदारी है। इसी संदर्भ में पूर्व मुख्यमंत्री ने चीफ सेक्रेटरी से फोन पर भी बात की और कहा शीघ्र बाबूग्राम का वह कोई ठोस रास्ता निकाले, वह भी मुख्यमंत्री से इस विषय पर बात करेंगे। साथ ही धरना स्थल से उन्होंने सरकार से मांग की है कि कैबिनेट शीघ्र बापू ग्राम के हित में फैसला ले, और अगर नहीं हो पा रहा है तो मुख्यमंत्री विशेष सत्र बुलाकर बाबूग्राम के लोगों की संपत्ति बचाने का काम करें, और सरकार के माध्यम से इस लड़ाई को माननीय सर्वोच्च न्यायालय में लड़ा जाये। बापूग्राम बचाओ समिति की संयोजक व सभी सदस्यों, पार्षदों ने पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत को ज्ञापन देकर यह भी मांग की है कि विपक्ष इस मुद्दे को विधानसभा के पटल पर और लोकसभा के पटल पर उठाएं और विपक्ष आज इस विषम परिस्थिति में हमारे साथ खड़ा रहे। धरने पर पूर्व काबीना मंत्री शूरवीर सजवाण, एड. राकेश सिंह मियां, राजपाल खरोला जयेन्द्र रमोला, समिति के संयोजक रमेश जुगरान, सुनील बहुगुणा, पार्षद सत्य कपरवान, सचवीर भंडारी, मुस्कान चौधरी, दिनेश रावत, सुरेंद्र नेगी (सूरी), गुरविंदर सिंह गुर्री, अविनाश सेमल्टी, राम प्रसाद उनियाल, राजेन्द्र डोभाल, शिव प्रसाद कंडवाल, दिनेश दत्त शर्मा, सुभाष सैनी दीनदयाल शर्मा, बैसाख पयाल, दिनेश व्यास, मनोज गुसाईं, सिंहराज पोसवाल, सुमित चौहान, रामकुमार भतालिये, सुभाष जखमोला, ऋषि सिंघल, अशोक शर्मा, बप्पी अधिकारी, धीरज डोभाल, त्रिलोक सिंह, प्रदीप जुगलान,आशीष कपवान, आयुष तड़ियाल, अनिल पडियार, अखिल गुलियाल, कमलेश शर्मा, विजयलक्ष्मी, ममता, अमित जुगलान, दिनेश शर्मा आदि उपस्थित थे।

# बालिकाओं के लिए उनकी माता सही मार्गदर्शक : रंजना रावत

**कोटद्वार (चिंगारी)।** नगर निगम के अंतर्गत राजकीय इंटर कॉलेज झंडीचौड़ में शनिवार को समग्र शिक्षा अभियान के तहत कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं को विभिन्न प्रकार की जानकारियां दी गई।

कार्यशाला का आरंभ करते हुए प्रधानाचार्य डॉ. सोहन लाल ने छात्र-छात्राओं को जीवन में लक्ष्य तय कर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री रंजना रावत ने कहा कि बालिकाओं के लिए उनकी माता ही सही मार्गदर्शक हो सकती है। माता के मार्गदर्शन में बालिकाएं अपने व्यक्तित्व का समग्र विकास कर सकती है। उन्होंने छात्र-छात्राओं से नशे से दूर रहने के लिए भी प्रेरित किया। परामर्शदाता उर्मिला तड़ियाल ने बालिकाओं को स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिए जाने के लिए प्रेरित किया। कहा कि व्यक्तिगत स्वच्छता से दवाइयों पर निर्भरता कम हो जाती है। इस मौके पर शीला भारती, करन सिंह रावत, सरिता भट्ट और सुनीता बिष्ट सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# बालिका जन्मोत्सव थीम पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

## चार नवजात बालिकाओं का मनाया जन्मोत्सव



**कोटद्वार (चिंगारी)।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत राजकीय प्राथमिक विद्यालय क्यार्क एवं आंगनबाड़ी केंद्र केसुंदर में बालिका जन्मोत्सव थीम पर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान चार नवजात बालिकाओं का जन्मोत्सव उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर 12 जरूरतमंद बच्चों को पाठ्य सामग्री एवं स्कूल बैग वितरित किये गये, जिससे उनके शैक्षणिक विकास को प्रोत्साहन मिल सके। कार्यक्रम में बाल विकास परियोजना अधिकारी आशा रावत ने उपस्थित अभिभावकों एवं ग्रामीणों से बेटियों को संरक्षण देने, उन्हें शिक्षित करने तथा कन्या भ्रूण हत्या जैसी कुप्रथाओं को समाप्त करने की अपील की। वन स्टॉप सेंटर से केस वर्कर अमृता रावत ने घरेलू हिंसा से संबंधित कानूनों एवं वन स्टॉप सेंटर की कार्यप्रणाली की जानकारी देते हुए महिलाओं को उपलब्ध सहायता सेवाओं के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम का संचालन सुपरवाइजर सुषमा रावत द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य रेखा नेगी, ग्राम प्रधान, आंगनवाड़ी कार्यकत्री, सहायिका सहित स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे।

# महापौर ने ड्रेनेज प्रणाली का किया स्थलीय निरीक्षण



महापौर शैलेंद्र सिंह रावत

**कोटद्वार (चिंगारी)।** नगर निगम महापौर शैलेन्द्र रावत ने निगम अधिकारियों के साथ क्षेत्र में ड्रेनेज प्रणाली का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण का उद्देश्य आगामी बरसात के मौसम को ध्यान में रखते हुए जल निकासी व्यवस्था की वास्तविक स्थिति का आकलन करना तथा आमजन को हो रही समस्याओं का निरीक्षण कर समाधान सुनिश्चित करना रहा।

निरीक्षण के दौरान कई स्थानों पर नालियों में अवरोध, गंदगी का जमाव, टूट-फूट एवं जलभराव की समस्या पायी गई। इस पर महापौर ने नगर निगम अधिकारियों को निर्देशित किया कि चिन्हित समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निस्तारण किया जाए, नालियों की नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए तथा जहां आवश्यक हो वहां मरम्मत एवं सुधार कार्य तत्काल प्रारंभ किया जाए। महापौर ने स्पष्ट किया कि जल निकासी की सुचारु व्यवस्था आमजन के स्वास्थ्य एवं स्वच्छता से सीधे तौर पर जुड़ी हुई है, इसलिए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। कहा कि नगर निगम द्वारा निरंतर निगरानी रखते हुए समस्याओं का समयबद्ध समाधान किया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्य सफाई निरीक्षक सुनील चौधरी सहित जल संस्थान के कनिष्ठ अभियंता, सहायक अभियंता एवं आमजन मौजूद रहे।

## समस्याओं के समाधान के निस्तारण के आदेश दिये

# वन विभाग ने निकाली सफाई जागरूकता रैली



**लालढांग (चिंगारी)।** स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत हरिद्वार जिले को स्वच्छ बनाये जाने के लिए शनिवार को हरिद्वार जिले में स्वच्छता अभियान कार्यक्रम के तहत हरिद्वार जिले को स्वच्छ बनाए जाने के लिए लालढांग क्षेत्र के विद्यालय आंगनबाड़ी केंद्र, ग्राम पंचायत आदि क्षेत्र में स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत चिड़ियापुर वन विभाग के कर्मचारी व अधिकारियों ने ग्रामीणों के साथ स्वच्छ भारत अभियान पर रैली निकाल कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।

## चिड़ियापुर पर स्थित ढाबों पर की गई सफाई

वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों ने सर्वप्रथम विभाग के परिसर में झाड़ू लगाकर कूड़ा करकट इकट्ठा कर साफ सफाई कर रैली निकाल कर विभाग के परिसर से चिड़ियापुर हाईवे किनारे स्थित ढाबों पर सफाई अभियान चलाकर कर्मचारी व संचालकों को स्वच्छता के विषय में जागरुक किया। स्वच्छता महा अभियान कार्यक्रम में मुख्य रूप से वन दरोगा सूरभान सिंह नेगी, वनआरक्षी सुनील कुमार, रमेश सिंह व विकास सेमवाल, सुदामा, विनोद, रॉबिन, राजेंद्र सिंह सैनी, तारा सिंह, कमल सिंह आदि शामिल थे।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# महिला चिकित्सक के बैग से उड़ाये लाखों के जेवर

**चांदपुर ( चिंगारी )।** नगर में प्रत्येक शनिवार को लगने वाले साप्ताहिक बाजार में खरीदारी करने आई महिला चिकित्सक के बैग से लाखों रुपए कीमत के आभूषण व 2 हजार रूपये की नकदी चोरी हो गई। क्षेत्र के ग्राम हातमपुर शेख निवासी डा. अतहर पुत्र जब्बार अहमद की पत्नी डा. शुमायला शनिवार के बाजार में खरीदारी करने आई थी। बताया जाता है कि किसी ने बैग में रखा पर्स साफ कर दिया, पर्स में 45 ग्राम के सोने के दो कड़े, एक डायमंड रिंग, एक सोने की अंगूठी व 2 हजार रूपये थे। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली। मालूम हो कि शनिवार के बाजार में आयेदिन चोरी की वारदातें होती रहती हैं।

## कोल्हू से जाल चोरी

**चांदपुर ( चिंगारी )।** ग्राम सब्दलपुर निवासी अजहर आलम पुत्र शाह आलम ने बताया कि उसका कोल्हू मलकपुर में है, जो पिछले कई वर्षो से बन्द पड़ा हुआ है। चोरों ने बन्द पड़े कोल्हू से चोरों ने दो जाल चोरी कर लिये। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली।

# विद्युत कर्मचारी के साथ मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**नहटौर ( चिंगारी )।** बकाया वसूली के दौरान विद्युत उपकेंद्र में टीजी 2 के पद पर तैनात कर्मचारी के साथ मारपीट करने के मामले में पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम हरपुर में ओटीएस योजना के अंतर्गत बकाया बिजली बिल वसूली के दौरान नहटौर विद्युत उपकेंद्र पर तैनात ( टीजी 2 ) सुनील चौरसिया ने बंटी नामक उपभोक्ता से जब बिल जमा करने को कहा तो उसने साफ इंकार कर दिया और गाली-गलौज शुरू कर दी। आरोप है कि बंटी ने अपने साथियों को भी मौके पर बुला लिया। आरोपियों ने सरकारी कार्य में बाधा डालते हुए अभद्रता की, सरकारी दस्तावेज छीनकर फाड़ दिए तथा इसके बाद सुनील चौरसिया के साथ मारपीट की। आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। दरोगा संयम यादव ने बताया कि सुनील चौरसिया की तहरीर पर गांव हरपुर निवासी बंटी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।


## बिकाऊ है

तीन दुकानें 10X33 फीट फर्स्ट फ्लोर, एक हॉल 20X30 फीट एवं 400 वर्ग गज प्लॉट, नेहरु स्टेडियम के सामने, पार्वती निवास, चैतन्य कॉम्पलैक्स में बिकाऊ है।
सम्पर्क करें-
6395709896, 9412714583


# नाबालिग को ले उड़ा

**चांदपुर ( चिंगारी )।** एक व्यक्ति ने एक युवक पर उसकी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर ले जाने तथा उसकी पुत्री द्वारा घर से अपने साथ आभूषण व 25 हजार रूपए की नकदी ले जाने का आरोप लगाते हुए थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाने में दी गई तहरीर में क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति ने ग्राम खानपुर खादर निवासी गौरव पर उसकी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाते हुए कहा कि उसकी पुत्री घर में रखे एक जोड़ी कुंडल, चार चूड़ियां व 25 हजार रूपए की नकदी ले गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली।

# दो बाइकों की टक्कर में 4 लोग घायल

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** स्थानीय बस स्टैंड पर आज सुबह लगभग 10 बजे दो मोटरसाइकिलों की आपस में टक्कर हो गई। इस टक्कर में गीतेश और अनिल निवासी ग्राम बरकातपुर थाना नांगल, राजपाल निवासी तेलीपुरा (नगीना) तथा सलमान निवासी ग्राम शहजादपुर (नांगल) घायल हो गये। मोटरसाइकिलें भी क्षतिग्रस्त हो गईं। घायलों ने स्थानीय चिकित्सकों से उपचार कराया।











